रोहतक
बुधवार 22 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी+षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 77
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 42.9
न्यून. 18.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पृथ्वी दिवस आज

## खबर संक्षेप

### अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर रोक



**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने अश्वगंधा की पत्तियों के इस्तेमाल पर सीधी रोक लगाई है। कहा गया है कि अश्वगंधा का इस्तेमाल सिर्फ उसकी जड़ और एक्सट्रैक्ट तक ही सीमित रखा जाए। पत्तियों में रिएक्टिव विथानोलाइड्स की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर के लिए टॉक्सिक माने जाता है। *एजेंसी*

### पाक ने 24 मई तक बंद किया भारतीय एयरस्पेस

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस पाकिस्तान ने मंगलवार को भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक बंद रखने का फैसला किया है। अब ये पाबंदियां एक साल से भी ज्यादा समय तक लागू रहेंगी। पिछले साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपना-अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे। 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान का एयरस्पेस पेस बंद है। *एजेंसी*

### शरद पवार बीमार, मुंबई में अस्पताल में भर्ती



**मुंबई ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शरद पवार को स्वास्थ्य जांच के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 85 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार को दो दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक सूत्र ने बताया, '' उन्हें जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। *एजेंसी*

### श्रीलंका ने रिहा किए 19 भारतीय मछुआरे

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार को 19 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। ये चेन्नई लौट आए हैं। इन्हें समुद्र सीमा पार करने पर गिरफ्तार कर लिया गया था। मछुआरों को 25 मार्च को हिरासत में लिया गया था। बाद में उन्हें श्रीलंका की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। सोमवार को कुल 30 मछुआरों को भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंपा गया। इनमें से दो मछुआरों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि दो नावों के चालकों पर 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। *एजेंसी*

# पेंडुलम की तरह हां-ना के बीच फिलहाल वार्ता अटकी

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता पेंडुलम की तरह हां या ना के बीच अटक गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस फिलहाल पाकिस्तान नहीं आ रहे हैं। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिकी शर्तों पर जवाब नहीं दिया, जिसके चलते यह फैसला लिया गया है। वेंस को मंगलवार पाकिस्तान के लिए रवाना होना था, जहां अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता शुरू होने वाली थी। दोनों देशों के बीच सीजफायर भी बुधवार को खत्म हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर ईरान ने भी वार्ता में शामिल होने से इनकार कर दिया है। तेहरान ने कहा कि उसकी पाकिस्तान जाने की कोई योजना नहीं है। दोनों देशों के बीच विरोधाभास के कारण बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने ईरान में सत्ता बदल दी है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जल्द एक बड़ी डील हो सकती है। मौजूदा हालात में ईरान के पास समझौता करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर डील नहीं हुई, तो अमेरिकी सेना हमले के लिए पूरी तरह तैयार है और आदेश मिलते ही कार्रवाई कर सकती है।





| होगी | नहीं |
|---|---|
| अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस अभी नहीं आ रहे पाकिस्तान | ईरान ने प्रस्तावित वार्ता में शामिल होने से किया इनकार |
| ईरान में अब तक अमेरिका की बातचीत की शर्तों पर जवाब नहीं दिया | तेहरान ने अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया |
| दोनों देशों के बीच चल रहा सीजफायर बुधवार को खत्म | ट्रंप की धमकियां भी वार्ता को डाल रही खटाई में |

### ईरान की सेनाएं एकजुट

ईरान की जॉइंट मिलिट्री कमांड ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिका की किसी भी धमकी का कड़ा जवाब देने के लिए तैयार है। खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के कमांडर अली अब्दोल्लाही ने कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं एकजुट हैं। वे दुश्मन की किसी भी कार्रवाई या धमकी का तुरंत, निर्णायक और मजबूत जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान के लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों की वजह से ही अमेरिका और इजराइल को युद्धविराम की मांग करनी पड़ी।

### पाकिस्तान ने सीजफायर बढ़ाने की अपील की

पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान से सीजफायर को आगे बढ़ाने अपील की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने दोनों देशों से तनाव कम करने के लिए इस पर विचार करने को कहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तान में अमेरिका की कार्यवाहक राजनयिक नताली ए. बेकर से मुलाकात की। बैठक के दौरान इशाक डार ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी रखने पर जोर दिया और दोनों पक्षों से सीजफायर बढ़ाने की अपील की।

### ईरान के परमाणु ठिकाने पूरी तरह तबाह

ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के परमाणु ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अब ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम तक पहुंच नहीं पा रहा है और न ही उसे बाहर निकाल सकता है। ट्रंप ने कहा कि यह कार्रवाई जून 2025 में हुए 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत की गई थी, जिसे उन्होंने पूरी तरह सफल बताया।

### अमेरिकी सेना ने प्रतिबंधित जहाज को जब्त किया

अमेरिकी सेना ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक प्रतिबंधित जहाज पर चढ़कर कार्रवाई की है। पेंटागन के मुताबिक, एम/टी टिफानी नाम के इस टैंकर पर रात के दौरान ऑपरेशन चलाया गया। यह कार्रवाई उन जहाजों और नेटवर्क को बाधित करने के लिए की गई है, जो ईरान को सामग्री और अन्य तरह का समर्थन देते हैं। पेंटागन ने कहा कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर समुद्री कानून प्रवर्तन कार्रवाई जारी रखेगा और ऐसे प्रतिबंधित जहाजों को जहां भी वे ऑपरेट करेंगे, वहां रोका जाएगा।

लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

## कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

- *कहा- सांसदों के वोट पर टिप्पणी नियमों के खिलाफ*
- *विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण बिल रोकने का आरोप लगाया*



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि पीएम ने 'राष्ट्र के नाम संबोधन' में विपक्षी सांसदों के वोट और उनके इरादों पर सवाल उठाए थे। ये नियमों के खिलाफ है। वेणुगोपाल ने अपने लेटर में लिखा कि पीएम ने करीब 29 मिनट के संबोधन में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण बिल रोकने का आरोप लगाया। सांसदों के वोटिंग पैटर्न पर सवाल उठाए। उनके फैसलों के पीछे की मंशा पर भी टिप्पणी की। कांग्रेस सांसद ने मांग की है कि इस मामले को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए।

### खरगे बोले-मोदी आतंकी, बाद में कहा- मैंने ऐसा नहीं बोला



**चेन्नई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चेन्नई में मंगलवार को पीएम मोदी को आतंकवादी कह दिया। हालांकि, कुछ देर बाद इस पर सफाई भी दी। उधर, भाजपा ने कहा कि खरगे को अपने विवादित बयान पर माफी मांगनी चाहिए। खरगे ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं। खरगे पहले भी मोदी पर विवादित बयान दे चुके हैं। 2024 में पीएम की तुलना आक्रमणकारी तैमूर लंग से की थी।

### आरोप : विपक्षी सांसदों के वोट पर उठाए सवाल

- केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस तरह के बयान चुने हुए सांसदों की स्वतंत्रता और उनकी ईमानदारी पर सवाल खड़े करते हैं। इससे संसद की गरिमा और अधिकार कमजोर होते हैं।
- संविधान सांसदों को स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार देता है। कोई भी व्यक्ति यहां तक कि पीएम भी, उनके वोट या आचरण पर सवाल नहीं उठा सकता।
- किसी सांसद ने संसद में क्या कहा या कैसे वोट किया, उसके पीछे कारण बताना गलत है।

*हरियाणा परिवहन विभाग ने निजी संचालकों को जारी किया पत्र*

## अब प्राइवेट बसों में भी मान्य होंगे फ्री पास

**ऑपरेटर्स बोले, रोडवेज को तो पैसा मिलता है हम क्यों घाटा उठाएं**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में स्टेज कैरिज स्कीम के तहत संचालित सहकारी परिवहन समितियों और निजी बसों में रोडवेज बसों की तरह विद्यार्थियों और बुजुर्गों सहित अन्य पात्र श्रेणियों को रियायती और मुफ्त यात्रा की सुविधा देने को लेकर प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से लिखा गया है। दूसरी तरफ निजी बस ऑपरेटर्स का कहना है कि कुछ अधिकारी उन पर यह जबरन थोप रहे हैं। रोडवेज बसों में चलने वाले रियायती पास की एवज में विभिन्न विभागों से पैसा दिलाया जाता है, निजी बस संचालक अगर मुफ्त में यात्रा कराने लगे, तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। इस बारे में निजी बस ऑपरेटरों की एसोसिएशन ने प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज और परिवहन विभाग के एसीएस को पत्र लिखकर हाथ खड़े कर दिए हैं। प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से जारी एक पत्र में निजी बस संचालकों को हरियाणा रोडवेज की तर्ज पर रियायती पास और सस्ती यात्रा की सुविधा प्रदान करने की हिदायत दी गई है। दूसरी तरफ आरोप है कि इसके स्थान पर पूरा किराया वसूलने की शिकायतें मिल रही हैं। जिसको लेकर बसों में आए दिन झगड़े देखने को मिलते रहते हैं।

**बस चालक यदि चढ़ने से रोकेगा तो हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी

## पत्नी-बच्चों का खर्च नहीं उठा सकते तो शादी न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर कोई शख्स परिवार का खर्चा नहीं उठा सकता है तो उसे शादी का ख्याल छोड़ देना चाहिए। अगर किसी ने पुरुष शादी की है तो उसे परिवार का खर्च उठाना ही पड़ेगा, वह पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी से बचने के लिए अपनी खराब आर्थिक हालत का बहाना नहीं बना सकता। यह उसकी कानूनी बाध्यता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच दिए गए मेंटेनेंस को लेकर यह आदेश आया है। हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस विवेक सरन की डिविजन बेंच ने कहा कि एक बार जब कोई पुरुष किसी महिला से शादी कर लेता है तो कानून के तहत उसका भरण-पोषण करना उसकी बाध्यता हो जाती है।

**खराब आर्थिक हालत का बहाना नहीं चलेगा**

जिहाद के लिए लोगों को कर रहे थे भर्ती

## गुजरात में 2 संदिग्ध आतंकवादी पकड़े, आईएसआईएस से लिंक

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात एटीएस ने एंटी-नेशनल साजिश रच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक, ये आरोपी सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर देश में "गजवा-ए-हिंद" स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। दोनों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एटीएस ने बताया कि पहला आरोपी इरफान कालेखान पठान (22) पाटन जिले के सिद्धपुर का रहने वाला है। वह हथियार जुटाने और विस्फोटक बनाने की तैयारी कर रहा था। इसके साथ ही वह देश-विदेश में लोगों को जिहाद के लिए भर्ती करने और नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान एटीएस ने जांच में पाया कि आरोपी सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए अपनी गतिविधियां चला रहा था। तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर उसकी पहचान की गई और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

**देश में 'गजवा-ए-हिंद' स्थापित करने की साजिश रच रहे**
**दोनों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा**

### नेता थे निशाने पर

मोबाइल से मिले डेटा में दोनों के आईएसआईएस से जुड़े संदिग्ध लोगों और अन्य कट्टरपंथी तत्वों से संपर्क के सबूत मिले हैं। वह व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए बातचीत कर रहा था। एटीएस के मुताबिक, आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर राजनीतिक नेताओं, आरएसएस से जुड़े लोगों और अन्य व्यक्तियों को निशाना बनाने की योजना बना रहा था। इसके अलावा योजना में अलग-अलग राज्यों से लोगों को जोड़ना, उन्हें हथियार चलाने और विस्फोटक बनाने की ट्रेनिंग देना शामिल था।

### केरलम में पटाखा गोदाम में विस्फोट, 13 लोगों की मौत

**त्रिशूर (एजेंसी)।** केरलम के त्रिशूर जिले में वडक्कनचेरी नगर पालिका के तहत मुंडाथिकोड गांव में पटाखा गोदाम में आग लग गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार घटनास्थल से कई लोगों को बचाया गया है। घायलों में से 5 लोगों का क्रिटिकल केयर में इलाज चल रहा है। 2 घायलों को वार्ड में भर्ती किया गया है, जबकि 17 अन्य को मामूली चोटें आई हैं। केरलम में यह घटना मथलप्पिल्ली तालुक के मुंडाथिकोड गांव में हुई है। हादसे के वक्त 40 लोग काम कर रहे थे।

- हादसे के वक्त 40 लोग कर थे गोदाम में काम

## 10 क्विंटल फूलों से सजाया धाम, मंदिर में मोबाइल फोन पर लगाया प्रतिबंध

**रुद्रप्रयाग (एजेंसी)।** पांचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। धाम को 10 क्विंटल फूलों से भव्य सजावट की गई है। कपाट बुधवार सुबह आठ बजे खोले जाएंगे। बाबा के प्रथम दर्शन के लिए लगभग 10 हजार यात्री धाम पहुंच चुके हैं और मुख्य पड़ावों पर भी 10 से 12 हजार यात्री ठहरे हुए हैं। वहीं, बाबा की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी मंगलवार को गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंच गई। बुधवार को ही सुबह 11 बजे तृतीय केदार तुंगनाथ धाम के कपाट भी खोले जाते हैं। बाबा की डोली सुबह 10 बजे चोपता से तुंगनाथ धाम पहुंचेगी। उधर, बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की प्रक्रिया के तहत तेल कलश यात्रा के साथ आदि शंकराचार्य की गद्दी मंगलवार को योग-ध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर पहुंच गई।

**केदारनाथ धाम के कपाट आज खुलेंगे**




## विज्ञान और धर्म दोनों से नहीं मिली शांति राजा से विज्ञान तक सब मॉडल फेल : भागवत

### आरएसएस प्रमुख बोले, दुनिया अब भारत के ज्ञान से उम्मीद लगा रही

एजेंसी ▶▶| अगरतला

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि 2000 साल तक शासन, धर्म और विज्ञान के अलग-अलग प्रयोगों के बाद अब दुनिया भटक गई है और भारत के ज्ञान की ओर देख रही है। उन्होंने यह बात त्रिपुरा के मोहनपुर में धार्मिक कार्यक्रम में कही। भागवत प्रतिष्ठा और कुंभाभिषेक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को धार्मिक और भाषाई आधार पर बांटने के प्रयास किए जा रहे हैं।



- धार्मिक व भाषाई आधार पर बांटने के प्रयास हो रहे
- दुनिया में दुख है, परिवार टूट रहे हैं, अपराध बढ़ रहे हैं

**विकास जितना बढ़ रहा, पर्यावरण उतना ही नष्ट हो रहा**

- भागवत ने कहा कि पहले सत्ता राजा को दी गई, लेकिन बाद में राजा ही जनता का शोषण करने लगा। इसके बाद लोगों ने भगवान को सर्वोच्च मानकर धर्म बनाए, लेकिन इससे भी खून-खराबा नहीं रुका।
- विज्ञान के दौर में भी मानव की समस्याएं खत्म नहीं हुईं। लोगों ने कहा कि हम वैज्ञानिक हैं, जब तक भगवान लैब में नहीं दिखेगा, हम नहीं मानेंगे। इसके बाद विज्ञान का दौर आया। कई सुविधाएं और आराम मिले, लेकिन संतोष नहीं आया।
- आज भी दुनिया में दुख है, परिवार टूट रहे हैं, अपराध बढ़ रहे हैं। युद्ध शुरू होते हैं तो रुकते नहीं। विकास जितना बढ़ रहा है, पर्यावरण उतना ही नष्ट हो रहा है।

डिजिटल अरेस्ट पर लगेगा अंकुश, पायलट प्रोजेक्ट को मिली व्यापक सफलता

## बुजुर्गों को साइबर ठगी से बचाएगी अभिनव प्रणाली, खुद व नॉमिनी का ओटीपी बताने पर ही खाते से होगा लेन-देन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए शुरू की गई अभिनव डबल ओटीपी/ड्यूल ऑथेंटिकेशन प्रणाली को लेकर पुलिस मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। डबल ओटीपी प्रणाली को पायलट आधार पर गुरुग्राम और पंचकूला में लागू किया गया, जहां इसे व्यापक सफलता मिली है। इस पहल की शुरुआत एचडीएफसी बैंक के सहयोग से की गई थी, जिसने इसे तकनीकी रूप में लागू करने में हरियाणा पुलिस का पूरा साथ दिया।

### ऐसे काम करेगी तकनीक



बैठक में प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान में अधिकांश साइबर ठगी के मामलों में अपराधी तकनीकी रूप से खाते को हैक नहीं करते, बल्कि पीड़ित विशेषकर 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों पर मानसिक दबाव, भय और झांसे में लेकर स्वयं उससे ओटीपी साझा करवाते हैं। ऐसे में पारंपरिक ओटीपी प्रणाली अप्रभावी साबित होती है। डबल ओटीपी प्रणाली इस कमी को दूर करती है। इसके तहत पहले चरण में सामान्य ओटीपी बुजुर्ग के मोबाइल नंबर पर आता है। दूसरे चरण में एक अतिरिक्त ओटीपी या पुष्टि कॉल उस व्यक्ति के पास जाती है, जिसे वरिष्ठ नागरिक ने अपने विश्वसनीय संपर्क (परिजन/मित्र) के रूप में नामित किया होता है। लेन-देन तभी पूरा होता है जब दोनों स्तर पर सत्यापन हो जाता है। इस प्रकार यह प्रणाली लेन-देन के दौरान एक "सुरक्षा विराम" प्रदान करती है, जिससे संदिग्ध परिस्थितियों में धोखाधड़ी को रोका जा सकता है। यह पहल 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगो के लिए शुरू की गई है जिसका धीरे धीरे विस्तार किए जाने की योजना है ।

### एचडीएफसी बैंक के सहयोग से शुरूआत

इस दौरान एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों द्वारा एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। जिसमें डबल ओटीपी प्रणाली के तकनीकी पहलुओं, कार्यप्रणाली और इसके क्रियान्वयन के मॉडल को विस्तार से समझाया गया। एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों ने बताया कि यह पहल वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, विशेषकर "डिजिटल अरेस्ट", फर्जी निवेश योजनाओं और प्रतिरूपण (इम्पर्सोनेशन) जैसे मामलों से निपटने के लिए एक प्रभावी समाधान के रूप में उभरी है।

**खबर संक्षेप**

## जलवायु परिवर्तन बन रहा बड़ा खतरा : कल्याण

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया है। संदेश में उन्होंने कहा कि पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि समस्त जीव-जगत का आधार है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण पर्यावरण असंतुलन एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाए।

## डॉ. मिश्रा ने पूरी की स्व-गणना प्रक्रिया

**चंडीगढ़।** राजस्व व आपदा प्रबंधन की वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, जो जनगणना 2027 के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर भी हैं, ने सचिवालय में जनगणना 2027 के लिए डिजिटल भागीदारी को बढ़ावा देते हुए ऑनलाइन जनगणना पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन)) प्रक्रिया पूरी की। यह पहल ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया सुविधा की उपलब्धता और सरलता को दर्शाती है, जिसके जरिए नागरिक अपनी जनगणना डिटेल्स को आसानी और समयबद्ध तरीके से जमा कर सकते हैं। इससे फिजिकल विजिट की आवश्यकता भी कम होगी और प्रक्रिया अधिक सुगम बनेगी।

## 46 एचपीएस अधिकारियों का हुआ तबादला

**चंडीगढ़।** सरकार ने मंगलवार देर रात पुलिस प्रशासन में बड़ा बदलाव करते हुए 46 हरियाणा पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां कर दीं। इस फेरबदल के तहत राज्य के कई जिलों में डीएसपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। इसके अलावा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी), सीआईडी, एचएसएनसीबी और आईआरबी जैसी विशेष इकाइयों में भी फेरबदल किया गया है। इस प्रशासनिक बदलाव में कई अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर स्पेशल यूनिट्स में भेजा गया है।

# पहली बार राजधानी से बाहर आज कैबिनेट की बैठक, कई एजेंडों पर लग सकती है मुहर

## गुरुग्राम में जुटेगा पूरा मंत्रिमंडल, महिला आरक्षण पर कांग्रेस को घेरने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मंत्री समूह की अहम बैठक इस बार गुरुग्राम में होने जा रही है। राजधानी चंडीगढ़ से बाहर पहली बार रखी गई यह बैठक कई मायनों में खास होने वाली है। बुधवार को साइबर सिटी में सारा मंत्रिमंडल जुटेगा। वहीं मंत्रिमंडल की बैठक में एक दिन का विशेष सत्र बुलाए जाने के संकेत मिल रहे हैं। मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अचानक ही हरियाणा राज्यपाल से मिलने के लिए लोक भवन पहुंचे। बताया जा रहा है कहीं अहम विषयों के साथ एक दिन के सत्र आदि को लेकर भी चर्चा की गई है।

भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि गुरुग्राम बैठक में जहां मंत्रीमंडल प्रदेश के विकास को गति देने के लिए कई फैसले लेगा। वहीं विधानसभा का एक दिवसीय खास सत्र बुलाने को लेकर भी विचार विमर्श के बाद तारीख का ऐलान कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के हितों को लेकर लाए जा रहे आरक्षण बिल का विरोध करने वाली कांग्रेस की घेरेबंदी की तैयारी में है। माना जा रहा है कि इस सत्र के बहाने भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने का काम करेगी, अगर कांग्रेसी विधायक इसमें शामिल होकर बात रखते हैं, तो भाजपा सत्तापक्ष की बेचों से जमकर हमले की तैयारी है। वहीं दूसरी तरफ अगर कांग्रेस और अन्य विपक्षियों द्वारा इस सत्र का बहिष्कार किया गया, तो भी भाजपा की कूटनीतिक जीत होगी और जनता में जाकर विपक्षी नेताओं की घेरेबंदी होगी साथ ही महिलाओं को बताया जाएगा कि वे किसी भी सूरत में महिलाओं को उनके अधिकार देने के पक्ष में नहीं है।

विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सरकारी आवास के किराया माफी का मुद्दा फिर शामिल हो सकता है। प्रस्ताव को पहले कुछ मंत्रियों की आपत्तियों के चलते टाला गया था। मंत्रियों ने रखरखाव, बिजली, पानी और स्टाफ पर हुए खर्च का विस्तृत ब्यौरा बैठक में रखने की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि बकाया राशि लगभग 16.5 लाख आंकी गई है, जबकि यह कहीं ज्यादा बनती है।

### राज्यपाल से मिले सीएम, विस का विशेष सत्र बुला सकती है सरकार



### इस मुद्दों पर चर्चा होगी

गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी और राज्य के प्रमुख आर्थिक केंद्र के रूप में देखते हुए, यहां शहरी बुनियादी ढांचे, उद्योग और नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर विशेष ध्यान देने, नेता विपक्ष हुड्डा का किराया माफी के अलावा, मानेसर क्षेत्र में हुए औद्योगिक असंतोष को देखते हुए, न्यूनतम मजदूरी में 35% की वृद्धि (जिसे बढ़ाकर 15,220 किया गया है) के कार्यान्वयन और औद्योगिक शांति बनाए रखने पर चर्चा संभव है। कुल 12 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा और मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है।

### बैठक से पहले गुरुग्राम में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

गुरुग्राम में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी बैठक को लेकर अलर्ट मोड पर हैं। सुरक्षा, साफ सफाई और चप्पे चप्पे पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के साथ ही बैठक स्थल पर प्रवेश को लेकर भी खास नजर रखी जाएगी। मंत्रियों और अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था भी कर दी गई है। काफी संख्या में मंत्री और अधिकारी एक रात पहले ही गुरुग्राम पहुंच रहे हैं। गुरुग्राम में कैबिनेट बैठक आयोजित करने को राज्य के प्रमुख आर्थिक केंद्र की समस्याओं और जरूरतों पर सीधे ध्यान देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब मानेसर क्षेत्र में हालिया औद्योगिक असंतोष के कारण देशभर में चर्चा का केंद्र बन गया था।

## नगर एवं ग्राम नियोजन का ऑनलाइन अपील फाइलिंग सिस्टम किया लॉन्च

**चंडीगढ़।** ट्रिब्यूनल, नगर एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा ने एक ऑनलाइन अपील दाखिल करने की प्रणाली विकसित और लॉन्च करके डिजिटल शासन और नागरिकों की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रवक्ता ने बताया कि न्यायमूर्ति राजन गुप्ता ने ऑनलाइन अपील फाइलिंग सिस्टम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, निदेशक अमित खत्री, हरेरा पंचकूला अध्यक्ष और ट्रिब्यूनल के सदस्य शामिल थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा अनुसूचित सड़कें और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास प्रतिबंध अधिनियम के प्रावधानों के तहत, अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई संबंधित जिला नगर योजनाकार द्वारा की जाती है। पीड़ति व्यक्तियों के पास ऐसी कार्रवाइयों के खिलाफ ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील दायर करने का वैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि अब तक, अपीलें ट्रिब्यूनल कार्यालय जाकर देनी होती थी।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 92 दिनांक 15.04.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना अर्बन एस्टेट रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**

नाम-अशोक कुमार
पिता/पति - S/O औमप्रकाश
पता - निवासी मःन0 248/35 जनता कालोनी जिला रोहतक।
उम्र- 46 वर्ष ।
कद - 5 फुट 8 ईच ।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर।
पहनावा - सफेद कुता पाजामा पहन रखा है, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।



दिनांक 15.04.2026 को अशोक कुमार पुत्र औमप्रकाश निवासी म.न. 248/35 जनता कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999143

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 269 दिनांक 10.07.2026 धारा 302 IPC थाना कलानौर रोहतक ।**

**माननीय अदालत द्वारा PO घोषित करने बारे**

नाम - तेजबीर उर्फ सोनू
पिता/पति- महा सिंह
पता - निवासी निगांणा कलानोर जिला रोहतक
उम्र-39 वर्ष
कद- 5 फुट 8 ईंच ।
हुलिया - रंग सावंला, लम्बुतरा चेहरा व पतला-फुर्तीला शरीर, हाथ की बाजू पर B निशान गुदा हुआ



दिनांक 20.03.2026 को तेजबीर उर्फ सोनू पुत्र महासिंह निवासी गांव निंगाणा कलानौर जिला रोहतक को मुकदमा न0 269 दिनांक 10-07-2026 धारा 302 IPC में माननीय अदालत श्री अजय तेवतिया सैशन जज रोहतक की अदालत में गैर-हाजिर होने उपरांत P.O घोषित किया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक 9812089152

पीआरडीएच-1084/11/4700/2027/44729/88/6 दि. 21.04.2026


# निकाय चुनावों के लिए पर्यवेक्षक और नोडल अधिकारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव गौरव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने आगामी 10 मई को प्रस्तावित नगर निगम अंबाला, पंचकूला, सोनीपत, नगर परिषद रेवाड़ी तथा नगर समिति उकलाना, सांपला और धारूहेड़ा के चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सामान्य, पुलिस एवं व्यय चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ-साथ शिकायत नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने बताया कि इन नियुक्तियों के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा और हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारियों को सामान्य पर्यवेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को पुलिस पर्यवेक्षक तथा आबकारी एवं कराधान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को व्यय पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### संजीव वर्मा अंबाला के सामान्य पर्यवेक्षक

गौरव कुमार ने बताया कि नगर निगम अंबाला के लिए सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में संजीव वर्मा, पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में ओम प्रकाश तथा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में जितेंद्र डूडी को नियुक्त किया गया है। साथ ही अभिषेक गर्ग, मनीष घाघट तथा सौरभ गोयल को शिकायत नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम सोनीपत के लिए सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में वैशाली सिंह, पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में राजेंद्र कुमार मीणा तथा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में अरविंद को नियुक्त किया गया है। वहीं, शिकायत नोडल अधिकारी के रूप में सुशील शर्मा को सोनीपत को जिम्मेदारी दी गई है। पंचकूला में सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में डी. सुरेश को तैनात किया गया है।

# शिक्षकों- विद्यार्थियों के अनुपात की जानकारी न देने पर हाईकोर्ट सख्त, दस हजार जुर्माना लगाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के अनुपात को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य सरकार से शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप विस्तृत आंकड़े पेश करने के निर्देश दिए थे। लेकिन कोर्ट द्वारा मांगी गई जानकारी न देने पर कोर्ट ने सरकार को दस हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए पीजीआई चंडीगढ़ में जमा करवाने का आदेश दिया। चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करें। इस हलफनामे में सरकारी स्कूलों में शिक्षक अनुपात और बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से बताना होगी।पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा गया था कि फरीदाबाद, नूंह (मेवात) और पलवल जिलों को छोड़कर राज्य के अन्य सभी जिलों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत निर्धारित विद्यार्थियों और शिक्षकों के अनुपात के मानकों का पालन किया जा रहा है।

## रिवाज और प्रथाएं संवैधानिक अधिकारों की जगह नहीं ले सकते : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि संविधान लागू होने के बाद कोई भी ऐसा रिवाज या प्रथागत कानून लागू नहीं किया जा सकता, जो महिला और पुरुष उत्तराधिकारियों के बीच भेदभाव करता हो। अदालत ने विधवा के संपत्ति अधिकार को बरकरार रखते हुए कहा कि किसी भी सिविल कोर्ट द्वारा ऐसे भेदभावपूर्ण कस्टमरी लॉ को मान्यता नहीं दी जा सकती।यह महत्वपूर्ण निर्णय जस्टिस निधि गुप्ता की पीठ ने सुनाया। अदालत एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें मृतक के भाई ने खुद को निकटतम पुरुष रिश्तेदार बताते हुए विधवा के पक्ष में दिए गए निचली अदालतों के फैसले को चुनौती दी थी। मामला नूंह का है, जहां एक व्यक्ति की 2015 में बिना संतान के मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसकी पत्नी ने संपत्ति का एक हिस्सा तीसरे पक्ष को बेच दिया। मृतक के भाई ने इस बिक्री को अवैध बताते हुए दावा किया कि मेव समुदाय की पारंपरिक प्रथाओं के अनुसार विधवा को केवल जीवन-निर्वाह तक सीमित अधिकार होता है और वह बिना पुरुष रिश्तेदारों की अनुमति के संपत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकती।

■ **विधवा के संपत्ति अधिकार पर मुहर**

# फार्म टूरिज्म व होम स्टे पॉलिसी तैयार करेगी सरकार : अग्रवाल

**चंडीगढ़।** सरकार राज्य में फार्म टूरिज्म व होम स्टे के माध्यम से पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहती है जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसके लिए फार्म टूरिज्म व होम स्टे संचालकों के सामने आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। यह बात हरियाणा पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में फार्म टूरिज्म तथा होम स्टे संचालकों के साथ आयोजित एक बैठक के दौरान कही। इस दौरान पर्यटन विभाग की अतिरिक्त निदेशक ममता शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### समस्याओं का तुरंत समाधान करेंगे



डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि फार्म टूरिज्म व होम स्टे संचालक अपनी सभी समस्याएं अगले 5 दिन में लिखित में दें। इसके आधार पर प्रदेश में इन सेवाओं के लिए सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए फार्म टूरिज्म व होम स्टे पॉलिसी तैयार करवाई जाएगी जिसे कैबिनेट से पास करवाया जाएगा। इसके बाद इन सेवाओं के संचालन में किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। इसके साथ ही इन क्षेत्रों की सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत भी नोटिफाई करवाया जाएगा जिससे सभी संबंधित सेवाएं निर्धारित समय अवधि में उपलब्ध हो सकेंगी।

# किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं : आरती राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने लोगों से आह्वान किया कि वे किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन मुफ्त में लगाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री चंडीगढ़ में राज्य भर से आए लोगों की जनसमस्याएं सुन रही थी। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार द्वारा राज्य में लगभग 3 लाख किशोर लड़कियों (मुख्यतः 14-15 वर्ष की आयु वर्ग) को यह वैक्सीन लगाई जाएगी। यह अभियान बेटियों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने गत 28 फरवरी को हरियाणा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन लांच की थी। यह इंजेक्शन एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देता है, जो सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार है। साथ ही टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा देता है। इसकी टारगेट लाभार्थी वे किशोरियां हैं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं।उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) में शुरू होने वाला कैंसर है, जिसका मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है।



# राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले बड़ौली निकाय चुनाव की रणनीति पर चर्चा

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं ने हरियाणा में होने वाले निकाय चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा की। बड़ौली ने हरियाणा संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मंथन किया। भेंट में बडौली ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आगामी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश में चले पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान, पार्टी के जिला व बूथ स्तर पर चल रहे अभियानों के बारे में भी बताया।

### नितिन नवीन ने संगठन को लेकर दिए दिशा- निर्देश



बड़ौली ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर किए गए कायक्रमों के बारे में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन मजबूती के लिए किए जा रहे कार्यों की भी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सराहना की।

**चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिले कपंनी के अधिकारी**

# मानेसर में 1000 करोड़ का निवेश करेगी जापानी कंपनी डाइकिन, आरएंडडी सेंटर खोलेगी : सीएम

■ प्रदेश के 500 से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कहा कि राज्य सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों के सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे है। इसी दिशा में मानेसर में डाइकिन एयर कंडीशनर कंपनी द्वारा लगभग 1000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में लगभग 500 से अधिक युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर में जापानी डेलिगेशन के साथ बातचीत कर रहे थे। जापानी प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री का विशेष आभार जताया और मुख्यमंत्री ने उन्हें गीता भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब जापानी कम्पनियों का निवेश को लेकर भरोसा बढ़ गया है और अब निवेश को लेकर ललायित हैं। जापानी कम्पनी के निवेश के तहत मानेसर में एक अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह अपनी तरह का देश में सबसे बड़ा और पहला केंद्र होगा, जो न केवल तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगा बल्कि हरियाणा को औद्योगिक हब के रूप में और अधिक मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर 2025 में जापान यात्रा के दौरान हुए एमओयू (समझौता ज्ञापन) का यह प्रत्यक्ष परिणाम है। जापान का हरियाणा की नीतियों और औद्योगिक वातावरण पर गहरा विश्वास बढ़ा है।



## पंजाब को 'खुशहाल पंजाब' बनाएंगे : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा की राजनीति का आधार वोट नहीं, बल्कि हर नागरिक का सम्मान और उसका विकास है। सरकार तुष्टिकरण की नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करती है। यह सरकार वोट बैंक नहीं बनाती बल्कि विकास बैंक बनाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता बदलाव के लिए तत्पर रहे और पंजाब को खुशहाल बनाने की दिशा में कार्य करें। भाजपा की सरकार बनने पर पंजाब में नशे का धंधा करने वाले पंजाब छोड़कर भाग जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात मंगलवार को संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में आए राय सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल को सम्बोधित करते हुए कही। जब हम पंजाब की स्थिति से तुलना करते हैं, तो हरियाणा में सुशासन का मॉडल सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।



### राय सिख समाज को सराहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की अंत्योदय'की राजनीति है। संत कबीर कुटीर नाम ही समानता और भाईचारे का प्रतीक है। सरकार हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो राष्ट्र निर्माण में अपना पसीना बहा रहा है। राय सिख समाज केवल पड़ोसी राज्य से आए मेहमान नहीं हैं, बल्कि उस सांझा विरासत, त्याग व बलिदानों के उदाहरण हैं, जिसने सदियों से इस देश की सीमाओं और इसकी संस्कृति की रक्षा की है। समाज का इतिहास साहस, बलिदान और पुरुषार्थ की अमर गाथा है। उन्होंने राय सिख बिरादरी के त्याग को जमकर सराहा।

## पिपली से ज्योतिसर तक बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी

**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में देश-दुनिया के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए सरकार द्वारा विस्तृत कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत पिपली से ज्योतिसर तक बड़े प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है जिसे अनुमोदन के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यह बात पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा केडीबी के सदस्य सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार हरियाणा निवास में आयोजित एक बैठक के दौरान कही। बैठक में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र तथा पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कुरुक्षेत्र शहर को धर्मनगरी तथा गीता स्थली के रूप में इस प्रकार से विकसित करने की योजना बनाई गई है कि यहां पर देश ही नहीं, दुनिया भर के पर्यटक पहुंचेंगे। इसके लिए महाभारत अनुभव केंद्र व कुरुक्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों के विकास की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि महाभारत अनुभव केंद्र के जी-ब्लॉक के शेष निर्माण कार्य को भी गौरवशाली भारत तथा सरस्वती सिंधु सभ्यता की थीम पर करवाया जाएगा।

■ **केडीबी के सदस्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक**


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5828

हमकि औमवती विधवा व विक्की – मोनू पुत्रान बिजेन्द्र सिहं पुत्र जयकिशन, निवासीगण मकान न0 445, बागरी मोहल्ला, गाँव भरथल, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110077 एवं बिस्वेदारान गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार अराजी खेवट न0 16 मिन/12मिन, खाता न0 21, मु0 न0 24, किला न0 7(8–0), 14(8–0), 15(8–0), किते 3, तादादी रकबा 24 कनाल 0 मरला का 1157/61200 भाग, बकदर 0 कनाल 9.07 मरले व खेवट न0 76/65, खाता न0 85, मु0 न0 23, किला न0 3(2–8), 4(8–0), 5(7–12), 6(7–12), 7(9–10), 14(7–18), 15/2(0–4), मु0 न0 24, किला न0 1(8–0), किते 8, तादादी रकबा 51 कनाल 4 मरले का 1/2 भाग, बकदर 25 कनाल 12 मरले व खेवट न0 152मिन/125मिन, खाता न0 182मिन, मु0 न0 12, किला न0 7(7–8), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 8 मरले का 4/17 भाग, बकदर 1 कनाल 14.82 मरले व खेवट न0 153/125मिन, खाता न0 183, मु0 न0 23, किला न0 16/2(3–8), 24(5–6), 25/1(6–16), मु0 न0 31, किला न0 20/1(5–17), किते 4, तादादी रकबा 21 कनाल 7 मरले का 4/17 भाग, बकदर 5 कनाल 0.47 मरला व खेवट न0 154/125, खाता न0 184, मु0 न0 23, किला न0 25/2(0–1), मु0 न0 24, किला न0 21/1(0–9), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 10 मरले का 4/21 भाग, बकदर 0 कनाल 1.90 मरला, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 32 कनाल 18.26 मरला (4.114125 एकड़) (जिसमें औमवती – विक्की – मोनू हर तीन समभाग) वाका रकबा मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 12, किला न0 7 मिन पश्चिम (1–15), मु0 न0 23, किला न0 3 मिन उत्तर (2–0), 4(8–0), 5(7–12), 25/1 मिन पूर्व (5–0), 25/2(0–0) मु0 न0 24, किला न0 1(8–0), 14 मिन पूर्व दक्षिण (0–9), 21/1(0–2) किते 9, तादादी रकबा 32 कनाल 18 मरले (4.1125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

5829

हमकि (1) अंकित पुत्र नरेश पुत्र रामकरण, (2) मोहित पुत्र दयानन्द पुत्र रामचन्दर निवासीगण गावं बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर व (3) सरोज पत्नी राजेन्द्र सिहं पुत्र छोटेलाल, निवासी मकान न0 1282/5, रोहताश नगर पावर हाउस के पास, रोहतक, हरियाणा–124001 व (4) औमबीर पुत्र विनोद कुमार पुत्र हरिसिहं, निवासी गांव खरवास, रेवाड़ी, हरियाणा – 123302 व (5) अनिता पत्नी अमित गुलिया पुत्र भगत सिहं हाल आबाद अनिता पुत्री नरेन्द्र कुमार, निवासी मकान न0 99, गांव बापरोला, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 10835 बैय, 11102 तकसीम, 11260 तबादला, के अनुसार अराजी खेवट न0 2010/1713, खाता न0 2079, मु0 न0 311, किला न0 7(8–0), 8/1/1(0–8), 14/1(7–9), 15/1(7–4), किते 4, तादादी रकबा 23 कनाल 1 मरला का 1/3 भाग, बकदर 7 कनाल 13.66 मरले (जिसमें अंकित मालिक व काबिज है), व खेवट न0 2478/2127, खाता न0 2556, मु0 न0 252, किला न0 4/2(6–16) किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 16 मरले सालम भाग (जिसमें सरोज 1/3 भाग व अनिता 1/3 भाग व औमबीर 1/3 भाग) व खेवट न0 2661 मिन/2267मिन, खाता न0 2745 मिन, मु0 न0 296, किला न0 25/2/2(3–8) किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 8 मरले का 505441/1365336 भाग, बकदर 1 कनाल 5.17 मरले (जिसमें मोहित मालिक व काबिज है) व खेवट न0 2661 मिन/2267मिन, खाता न0 2745 मिन, मु0 न0 13, किला न0 11(8–0), 12(8–0), मु0 न0 14, किला न0 14/2(4–0), 15(8–0), मु0 न0 34, किला न0 12(8–0), 13(8–0), 14(9–6), किते 7, तादादी रकबा 53 कनाल 6 मरले का 43/1066 भाग, बकदर 2 कनाल 3 मरले (जिसमें मोहित मालिक व काबिज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 17 कनाल 17.83 मरले (2.2364375 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं, जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 252, किला न0 4/2(6–16), मु0 न0 296, किला न0 25/2/2(3–8), मु0 न0 311, किला न0 7 मिन उत्तर (7–6.83), 8/1/1 मिन उत्तर (0–7), किते 4, तादादी रकबा 17 कनाल 17.83 मरले (2.2364375 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 21.04.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## खबर संक्षेप

### कैंटर में दो मंजिल बना ठूंस-ठूंस कर भरे थे 98 कटड़े, तीन गिरफ्तार

**भट्टूकलां।** थाना भट्टू कलां पुलिस ने एक कैंटर को कब्जे में लेकर उसमें बेहद अमानवीय तरीके से भरे गए 98 कटड़े-कटड़ियां बरामद किए हैं। इस मामले में तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पुलिस टीम अनाज मंडी भट्टू कलां में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि गांव पीली मंदोरी के पास एक संदिग्ध कैंटर को रोका गया है। जांच के दौरान पाया कि कैंटर के भीतर लोहे की चादरों से दो मंजिल बनाई हुई थी। इन दोनों हिस्सों में कुल 98 कटड़े और कटड़ियों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। पशुओं की हालत इतनी दयनीय थी कि उन्हें हिलने-डुलने तक की जगह नहीं मिल रही थी। दम घुटने और लंबी दूरी के सफर के कारण एक कटड़े की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके से कैंटर चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सुखमिन्द्र सिंह चालक, सुरजीत और युधवीर के रूप में हुई है। ये तीनों आरोपी जिला फतेहाबाद की रतिया तहसील के गांव बोडा और नंगल के निवासी हैं।

### बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को 40 साल की कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज -कम- फास्ट ट्रैक कोर्ट ( पॉक्सो एक्ट ) पीयूष शर्मा की अदालत ने 4 साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी आलोक यादव पुत्र शिव आनंद यादव मूल निवासी बिहार हाल निवासी पानीपत को दोषी करार दिया है। दोषी को 40 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं, जज शर्मा की अदालत में दोषी आलोक यादव पर 60 हजार रुपये का जुर्माना किया।

## फंसा या फंसाया

### असंध की दो राइस मिल में नौ करोड़ रुपये का हुआ था धान घोटाला, हो चुकीं कई गिरफ्तारी

# शिकायतकर्ता हैफेड डीएम ही बना आरोपी, अग्रिम जमानत खारिज

- आरोप-असंध और निसिंग मंडियों में तैनात रहे हैफेड मैनेजर प्रमोद और दर्शन से कमीशन के रूप में हजारों रुपये लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में सामने आए करोड़ों रुपये के बहुचर्चित धान घोटाले में अब खुद शिकायतकर्ता अधिकारी ही आरोपों के घेरे में आ गए हैं। ताजा घटनाक्रम में हैफेड के जिला प्रबंधक (डीएम) कृपाल सिंह पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी की आशंका तेज हो गई है। उन्होंने गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की, लेकिन वह खारिज हो गई। वहीं, दूसरी ओर एक चर्चा यह भी है कि मामले में एफआईआर करवाने की वजह से कहीं उनको फंसाया तो नहीं गया। अब यह तो पूरी जांच होने के बाद ही सामने आएगा।

आरोप है कि कृपाल सिंह ने असंध और निसिंग मंडियों में धान सीजन के दौरान तैनात रहे हैफेड मैनेजर प्रमोद कुमार और दर्शन सिंह से कमीशन के रूप में हजारों रुपये लिए। जैसे ही उनका नाम इस मामले में सामने आया, उन्होंने गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार शर्मा की अदालत ने सरकारी और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी। अदालत के इस फैसले के बाद कृपाल सिंह की गिरफ्तारी का खतरा और बढ़ गया है।

#### सीएम फ्लाइंग ने छापा मारकर उजागर किया था मामला



उप जिला न्यायवादी सचिन कुमार के अनुसार, नवंबर 2025 में सीएम फ्लाइंग टीम ने असंध स्थित श्री राधे-राधे राइस मिल और एमएस अग्रवाल एंड संस राइस मिल में भौतिक सत्यापन किया था। जांच के दौरान हजारों क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 9 करोड़ रुपये आंकी गई। इस मामले के उजागर होने पर 11 नवंबर को कृपाल सिंह ने ही केस दर्ज कराया था। इससे पहले 4 नवंबर को तत्कालीन हैफेड डीएम अमित कुमार को निलंबित किया गया था, जिसके बाद कृपाल सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अदालत में पेश किए गए साक्ष्यों और सरकारी पक्ष की मजबूत दलीलों को देखते हुए न्यायालय ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि इसी अदालत में धान घोटाले से जुड़े कई मामलों की सुनवाई जारी है, जिनमें कई आरोपियों की जमानत याचिकाएं पहले ही खारिज हो चुकी हैं।

#### कागजों में ही दिखाई जाती थी धान खरीद

धान सीजन के दौरान करनाल की मंडियां बड़े स्तर पर घोटालों का केंद्र बन गईं। जांच में सामने आया है कि कई मंडी सचिवों, खरीद एजेंसियों के अधिकारियों, आढ़तियों और राइस मिलर्स की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया। कागजों में ही धान की खरीद दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया, जबकि वास्तविकता में धान मंडियों तक पहुंचा ही नहीं। इस पूरे खेल में ट्रांसपोर्टरों की भूमिका भी अहम रही। करनाल पुलिस की गहन जांच के बाद कई मंडी सचिव, राइस मिलर्स, आढ़ती, हैफेड अधिकारी और खाद्य आपूर्ति विभाग के डीएफएससी, इंस्पेक्टर व निजी ऑपरेटरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### जींद में शादी की खुशियां मातम में बदली

# बारातियों में झगड़ा, बाप-बेटों ने दूल्हे के चचेरे भाई की चाकू घोंपकर की हत्या

- बराहखुर्द गांव के ही हैं आरोपी, पुलिस ने बाप और दो बेटों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के निकट सोमवार रात बारातियों में आपस में हुई कहासुनी के चलते चाकू घोंप कर दूल्हे के ताऊ के बेटे की हत्या कर दी। मृतक सिंचाई विभाग में बेलदार के पद पर कार्यरत था। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



विकास।

गांव बराहखुर्द निवासी कृष्ण लाल अपने बेटे दीपक की बारात लेकर सोमवार रात सीआरएसयू के निकट होटल में लेकर पहुंचा था। बारातियों में खाने-पीने को दौर चल हुआ था। उसी दौरान दूल्हे के ताऊ के बेटे विकास (40) की बारात में शामिल गांव के ही सतीश के साथ कहासुनी हो गई। उस समय तो वहां मौजूद अन्य बारातियों ने मामले को शांत कर दिया। कुछ समय के बाद विकास होटल से बाहर चला गया। सतीश भी वहां पर पहुंच गया। फिर से दोनों के बीच झगड़ा हो गया। उसी दौरा सतीश का बेटा अरूण तथा अमन भी मौके पर पहुंच गए। तैश में आए अमन ने अपने पास मौजूद चाकू से विकास की छाती तथा पेट पर वार कर दिए, जिसमें विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर आरोपित सतीश अपने दोनों बेटों को गाड़ी में लेकर फरार हो गया। लहूलुहान हालात में विकास को नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने विकास की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बड़े भाई अरविंद ने पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने अरविंद की शिकायत पर सतीश, उसके बेटे अरूण तथा अमन के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### आरोपियों की तलाश जारी : जांच अधिकारी

सदर थाना के जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि बारातियों में आपस में कहासुनी हो गई थी। जिसमें एक बाराती की चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई। फिलहाल मृतक के भाई की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस टीमें आरोपितों की धरपकड़ के प्रयास कर रही हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### यौनाचार पीड़ित बच्चे को पांच लाख की आर्थिक सहायता दी

**पानीपत।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने अप्राकृतिक यौनाचार के केस में सुनवाई पूरी करते हुए फैसला किया है। बोर्ड ने मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए नाबालिग की पहचान गोपनीय रखते हुए सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया। यह केस 24 जनवरी 2024 में समालखा थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज है। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों, अन्य सदस्यों की रिपोर्ट तथा राय पर विचार करते हुए जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनित लिंबा ने कहा कि पीड़ित के अभिभावकों कें खाते में त्वरित दो लाख रुपये व 3 लाख रुपये की अंतरिम सहायता प्रदान की गई। यह राशि पीड़ित को शिक्षित करने के काम आएगी। जबकि दोषी किशोर को बाल सुधार केंद्र में भी रखा गया था और इसे छह महीने के प्रोबेशन पीरियड पर रिहा किया गया है। बोर्ड ने संबंधित नाबालिग को परामर्श, नैतिक शिक्षा तथा व्यवहार सुधार कार्यक्रमों में सम्मिलित किए जाने के भी निर्देश दिए।

# खेत में किसान पर तेंदुए का हमला, पिंजरे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के गांव नांदनौर में यमुना किनारे स्थित गन्ने के खेत में काम करने गए एक बुजुर्ग किसान पर तेंदुए जैसे वन्य जीव ने अचानक हमला कर दिया। मंगलवार सुबह खेत में सफाई के दौरान हुए इस हमले में किसान की गर्दन, छाती और हाथ-पैर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल किसान को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है और वन विभाग ने वन्य जीव को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नांदनौर निवासी धर्मपाल (60) सुबह करीब सात बजे यमुना बेल्ट के पास स्थित अपने गन्ने के खेत में कार्य करने गए थे। जब वह सफाई कर रहे थे, तभी झाड़ियों में छिपे एक हिंसक जानवर ने उन पर झपट्टा मार दिया। हमला इतना तीव्र था कि धर्मपाल को बचाव का अवसर नहीं मिला। शोर सुनकर पास के खेतों में मौजूद ग्रामीण और परिजन मौके की ओर दौड़े, जिन्हें देखकर जानवर गन्ने के घने खेतों की ओट में भाग गया। सूचना मिलते ही मुरथल थाना प्रभारी राजीव, वन विभाग और वाइल्ड लाइफ की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारी नरेश ने मौके पर वन्य जीव के पंजों के निशान मिलने की पुष्टि की है। पंजों के निशानों के आधार पर करीब 25 सदस्यीय टीम ने यमुना किनारे के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक सफलता हाथ नहीं लगी। वन विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इलाके में पिंजरे लगा दिए हैं।



वन्य जीव के पंजों के निशान।

# लेक्चरर का अपहरण कर वीडियो बना किया ब्लैकमेल

- कॉलेज की एमएससी की छात्रा समेत चार पर केस दर्ज, लेक्चरर से एक लाख रुपये भी ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय कालेज सफीदों के लेक्चरर का अपहरण कर बंधक बना मारपीट करने का मामला सामने आया है। लेक्चरर की आरोपितों ने वीडियो भी बनाई। फिर ब्लैकमेल कर एक लाख रुपये भी ऐंठ लिए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत पर एक छात्रा सहित दो को नामजद कर तथा दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जींद निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राजकीय कॉलेज सफीदों में लेक्चरर के पद पर है। कॉलेज में एमएससी की एक छात्रा है। कुछ समय पहले उसने छात्रा को कई बार कमरे में संदिग्ध हालात में देख लिया था। लड़का कॉलेज का छात्र नहीं था। बाद में पता चला कि युवक गांव बहादुरगढ़ निवासी अजय है। लेक्चरर संदीप ने पुलिस को बताया कि एक दिन वह गाड़ी लेकर कॉलेज से निकल रहा था। गेट पर उसी छात्रा ने इशारा कर गाड़ी को रूकवा लिया और बस अड्डे तक छोड़ने की बात कही। वह छात्रा के साथ रोड से निकल रहा था। उसी दौरान बाइक सवार अजय तथा उसके दो साथियों ने उसकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया और दो युवक जबरन गाड़ी में घुस आए और उसे काबू कर लिया इशारे पर चलने की चेतावनी दी।

#### नहर पर मारपीट कर बनाई वीडियो

लेक्चरर ने बताया कि आरोपित उसे बुटाना ब्रांच नहर पुल पर ले गए। जहां पर धमकी देर उसकी वीडियो बनाई और कहलवाया गया कि वह छात्रा को लेकर आया है। जिसके बाद आरोपितों ने उसके हाथ व पांव बांध दिए और गाड़ी में पीछे डाल लिया, जबकि आरोपितों ने छात्रा को कॉलेज भेज दिया गया। जिसके बाद आरोपित लेक्चरर को हुडा के खाली प्लॉटों में ले गए। जहां पर आरोपितों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। अजय ने साढ़े छह लाख रुपये की डिमांड की। बजट ने होने की बात कहने पर अजय ने बीस हजार रुपये ऐंठ लिए। अजय ने फोन कर साढ़े 54 हजार अपने खाते में डलवा लिए। उसके बाद भी आरोपित उसे ब्लैकमेल रुपये ले जाता रहा।

# जिन कुत्तों को खिलाती थी रोटी उन्होंने खोली हत्या की गुत्थी

- नाले में छिपाए महिला के शव तक लेकर गए कुत्ते, एक हत्यारोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के बल्लभगढ़ के कबूलपुर कॉलोनी की रहने वाली अनिता देवी 15 अप्रैल से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। तलाशने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया। बताया जा रहा है कि अनिता देवी रोजाना इलाके के दो लावारिस कुत्तों शेरू और रॉकी को खाना खिलाती थी, जिस कारण दोनों कुत्ते अक्सर उसके घर के आसपास ही रहते थे।



18 अप्रैल को परिवार के लोग गांव मोहला के पास अनिता देवी की तलाश कर रहे थे। इस दौरान शेरू और रॉकी अचानक झाड़ियों की ओर दौड़ पड़े। जब परिवार के लोग वहां पहुंचे तो कुत्तों ने अनिता देवी की साड़ी ढूंढ निकाली। पास ही एक नाला था, जो जलकुंभी से पूरी तरह ढका हुआ था। इसी दौरान शेरू नाले में कूद गया और जैसे ही जलकुंभी हटने लगी तो पानी के अंदर अनिता देवी के पैर दिखाई देने लगे। शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पता चला कि 15 अप्रैल को कबूलपुर निवासी परमजीत मोटरसाइकिल पर अनिता देवी के घर गैस सिलेंडर देने गया था। इसके बाद वह अनिता देवी को बिजली बिल भरवाने के बहाने अपने साथ ले गया। लौटते समय उसने अनिता देवी की हत्या कर दी और शव को नाले में फेंक दिया। इसमें उसके पिता जगमिंदर डागर ने भी साथ दिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह के अनुसार आरोपी जगमिंदर डागर को दो दिन की रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस हत्या का मुख्य आरोपी उसका बेटा परमजीत है, जो फिलहाल फरार है।

### लव मैरिज का दुखद अंत : एक माह से अलग रह रही थी पत्नी, दोनों ने की आत्महत्या

# पति की सुसाइड के 3 दिन बाद पत्नी ने भी दी जान

- जींद की युवती ने करनाल के युवक से तीन साल पहले की थी लव मैरिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सेक्टर 13 स्थित एक पीजी के कमरे में सोमवार रात्रि फंदे से लटककर महिला ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक महिला की पहचान 21 वर्षीय देवी के तौर पर हुई है। मृतका देवी का अपने पति विक्रम के साथ पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। इसी घरेलू कलह के कारण वह करीब एक महीने से अपने घर से दूर कुरुक्षेत्र के सेक्टर 13 में एक पीजी में रह रही थी। बताया जाता है कि देवी के पति विक्रम ने तीन दिन पहले तरावड़ी के गांव चौपड़ी में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी थी। इसके बाद देवी मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी जिस कारण उसने यह कदम उठाया। देवी ने विक्रम के साथ लव मैरिज की थी।



मृतका देवी।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब नौ बजे सेक्टर 13 स्थित पीजी के जब एक कमरे में कोई हरकत नहीं दिखाई दी और कमरा अंदर से बंद था तो कुछ आशंका हुई। पुलिस ने सूचना मिलने पर आकर जांच की और देवी के शव को फंदे से उतारा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि देवी मूल रूप से जींद के नंदगढ़ गांव की रहने वाली है और उसने तीन साल पहले तरावड़ी के विक्रम से लव मैरिज की थी। वहीं पर किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। किसी बात के चलते दोनों के बीच आपसी विवाद हो गया और देवी उसे छोड़कर करीब एक माह पहले कुरुक्षेत्र पीजी में रहने लगी थी। पत्नी के जाने के बाद विक्रम गांव चौपड़ी में नानी के पास पहुंच गया। कई दिन तक कमरा नहीं खुला और बदबू आने लगी तो शक हुआ। कमरा खोला तो विक्रम फंदे पर लटका था।

### पत्नी गई थी मायके, युवक ने 5वीं मैरिज एनिवर्सरी पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**यमुनानगर।** शहर की जम्मू कॉलोनी में एक युवक ने अपनी 5वीं मैरिज एनिवर्सरी पर घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतक की पत्नी अपने बच्चे के साथ मायके गई हुई थी। शाम को मां जब कमरे में गई तो युवक को पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ पाया। जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मृतक के चाचा देवेंद्र ने बताया कि उसके भाई नरेंद्र के पास चार बच्चे हैं। चारों में से तीसरे नंबर वाला बेटा 32 वर्षीय चिराग उर्फ लक्की फैक्ट्री में काम करता था और घर के ऊपरी कमरे में अपनी पत्नी और तीन साल के बच्चे के साथ रहता था। करीब 10 दिन से उसकी पत्नी बच्चे के साथ मायके गई हुई थी। रात को लक्की खाना खाकर अपने कमरे में चला गया था। वह अक्सर सुबह बिना बताए काम पर निकल जाता था। इसलिए परिवार को लगा कि सुबह भी वह काम पर चला गया होगा। शाम करीब पांच बजे लक्की की मां छत पर पौधों को पानी देने गई थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि लक्की का कमरा अंदर से बंद है। खिड़की से झांककर देखा तो वह पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ था। मां ने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर हमीदा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया। अंदर जाकर देखा तो लक्की ने लाल रंग की चुन्नी से फंदा बनाया हुआ था। उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



## खतरा

### हाईकोर्ट ने सरकार के ढीले रवैये के बाद याचिकाकर्ता से ही मांगी कैंसर पर रिपोर्ट

# कैंसर पैदा करने वाले 556 से अधिक कारक तत्व, निपटने को योजना नहीं

- पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के साथ केंद्र सरकार पर जिम्मेदारी तय करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

कैंसर पैदा करने वाले कारक तत्वों (कार्सिनोजेन्स) को लेकर देश में नीति और कानून के अभाव पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। करीब 13 वर्षों से लंबित एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने साफ कहा कि मामला अत्यंत महत्वपूर्ण है और अब केवल पुराने जवाबों को दोहराने से समाधान नहीं निकलेगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दो महीने के भीतर कारणों और समाधान सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता हेमंत गोस्वामी ने दलील दी कि कैंसर पैदा करने वाले 556 से अधिक कारक तत्वों की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो चुकी है, लेकिन भारत में इन्हें नियंत्रित करने के लिए कोई स्पष्ट नीति या कानून मौजूद नहीं है। उन्होंने बताया कि देश में यह एक "पॉलिसी और लेजिस्लेटिव वैक्यूम" की स्थिति है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। उनका दावा था कि यदि इन तत्वों को नियंत्रित किया जाए तो लगभग 5 लाख मौतें हर साल रोकी जा सकती हैं। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार इस मुद्दे पर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रही हैं। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ प्रशासन का कहना है कि यह विषय केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, जबकि केंद्र का रुख इसके विपरीत है। अदालत के समक्ष यह भी सामने आया कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में दाखिल हलफनामा भी पुराने जवाब की पुनरावृत्ति मात्र है, जिससे मामले में कोई प्रगति नहीं हो पाई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस बात पर भी असंतोष जताया कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की रिपोर्ट्स तो पेश की गई हैं, लेकिन कोई समेकित नीति या ठोस कार्ययोजना सामने नहीं आई। राज्य सरकार द्वारा दाखिल हलफनामे में भी स्पष्ट नहीं किया गया कि दिशा-निर्देशों का उल्लंघन होने पर क्या कार्रवाई होगी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने इस विषय पर व्यापक शोध किया है, इसलिए उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें, जिसमें न केवल समस्या के कारण बल्कि उसके व्यावहारिक समाधान भी शामिल हों। अदालत ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट में केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए सुझाव दिए जाएं।

#### जेल में मोबाइल के आरोप पर हाईकोर्ट सख्त

**चंडीगढ़।** नशीले पदार्थों के एक गंभीर मामले में सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने जहां आरोपित को नियमित जमानत दे दी, वहीं जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए हरियाणा सरकार को आत्ममंथन की जरूरत बताई है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई कैदी हिरासत में रहते हुए मोबाइल फोन के जरिए आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। यह आदेश जस्टिस संजय वशिष्ठ की एकल पीठ ने आरोपित आकाश उर्फ रिंकू द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिकाकर्ता ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में नियमित जमानत की मांग की थी। मामला फतेहाबाद के भूना थाना में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें 505 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। जांच के दौरान मुख्य आरोपित मोहन लाल ने खुलासा किया था कि उसने यह नशीला पदार्थ दिल्ली क्षेत्र में एक विदेशी नागरिक से खरीदा था। पुलिस ने आगे की जांच में कई सह-आरोपितों को गिरफ्तार किया और याचिकाकर्ता को भी जांच में शामिल किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि उसके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है और उसे केवल पुलिस रिकॉर्ड में शामिल होने के कारण फंसाया गया है। यह भी कहा गया कि जिस मोबाइल फोन को नष्ट करने का आरोप लगाया गया, वह कभी उसके कब्जे में था ही नहीं, खासकर तब जब वह पहले से ही न्यायिक हिरासत में था। सबसे अहम टिप्पणी करते हुए अदालत ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि एक कैदी जेल में रहते हुए अन्य आरोपितों से मोबाइल फोन के जरिए संपर्क में बताया जा रहा है, जबकि इसकी जानकारी जेल प्रशासन को नहीं थी। कोर्ट ने कहा कि या तो आरोप झूठे हैं या फिर जेल प्रशासन की गंभीर लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है।

### नूंह मामले में फिर लग सकता है यूएपीए

**नूंह।** जिले में 31 जुलाई 2023 को ब्रजमंडल शोभायात्रा के दौरान हुई सांप्रदायिक हिंसा से जुड़े मामलों में एक बार फिर बड़ा कानूनी मोड़ सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गृह विभाग की मंजूरी के बाद हिंसा से जुड़े दो मामलों में यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) की धाराएं दोबारा से जोड़ जा सकती हैं। इन मामलों में फिरोजपुर झिरका क्षेत्र से कांग्रेस विधायक मामन खान सहित कुल 72 आरोपियों को शामिल बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, थाना नगीना में दर्ज केस नंबर 148 और 149 में यूएपीए की धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। हालांकि अभी तक पुलिस ने इसकी अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। इन मामलों में पहले दिसंबर 2023 में चालान पेश किया जा चुका था और 16 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई की तारीख भी तय थी। हाल ही में कुछ नई गिरफ्तारियां होने और एक विशेष जांच दल के गठन के बाद जांच को नए सिरे से आगे बढ़ाया गया है।

# खेत में लगी आग बुझाने जा रही दमकल की गाड़ी मकान में घुसी



**यमुनानगर।** गांव मंडेबर में घर में घुसी अनियंत्रित दमकल की गाड़ी।

- मकान की दीवार ढही व पिलर टूटे, पशु नीचे दबे

यमुनानगर। गांव ईस्माइलपुर के खेतों में लगी आग को बुझाने जा रही फायर ब्रिगेड की एक तेज रफ्तार गाड़ी मंगलवार दोपहर गांव मंडेबर में हादसे का शिकार हो गई। गांव के मुख्य मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे एक मकान की दीवार तोड़कर अंदर जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मकान की दीवार ढह गई, छत के पिलर टूट गए और गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से टल गया। जानकारी के अनुसार मकान मालिक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जिस कमरे में गाड़ी घुसी, उसमें पशु बांधे जाते हैं। टक्कर के समय वह खुद घर के बाहर ही बैठे थे। मलबे के नीचे पशु दब गए थे, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में वाहन में सवार एक होमगार्ड के जवान को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने प्रशासन से नुकसान की भरपाई की मांग की है और चालक का मेडिकल कराने की अपील की है। जिला दमकल अधिकारी पंकज कुमार का कहना है कि मोड़ काटते समय अचानक सामने से एक नाबालिग वाहन चालक आ गया था। उसे बचाने के चक्कर में दमकल की गाड़ी अनियंत्रित हो गई।

## खबर संक्षेप

### बायोकॉन को दो जैविक दवाओं के लिए नोटिस

**नई दिल्ली।** बायोकॉन लिमिटेड को कनाडा की स्वास्थ्य नियामक संस्था हेल्थ कनाडा से अपनी जैविक दवाओं बोसाया और वेवजुओ के लिए अनुपालन नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ये दवाएं ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) और कैंसर से जुड़ी हड्डी संबंधी जटिलताओं के इलाज में उपयोग होती हैं। कंपनी के अनुसार, हेल्थ कनाडा ने तीन अप्रैल 2026 को बोसाया (डेनोसुमैब) और वेवजुओ (डेनोसुमैब) के लिए नोटिस दिया, जो क्रमशः प्रोलेया और एक्सजीवा की जैविक दवाएं (बायोसिमिल) हैं।

### अदाणी पावर की परमाणु ऊर्जा के लिए इकाई गठित

**नई दिल्ली।** अदाणी पावर ने परमाणु स्रोतों से प्राप्त बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण के लिए एक इकाई का गठन किया है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करना है। इस क्षेत्र में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई विधायी बदलाव किए गए हैं। अदाणी पावर ने बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड ने 20 अप्रैल 2026 को रावतभाटा-राज एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड नामक एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का गठन किया है।

### एनसीएलएटी ने इंटेल पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी इंटेल कॉरपोरेशन पर लगाए गए 27.38 करोड़ रुपये के जुर्माने पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अपीलीय न्यायाधिकरण की दो-सदस्यीय पीठ ने इंटेल को यह राहत देते हुए कहा कि कंपनी पहले ही जुर्माने की 25 प्रतिशत राशि जमा कर चुकी है।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# 15 साल बाद बदल रहा एप्पल का सीईओ, कुक की जगह जॉन संभालेंगे कमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी एप्पल ने आखिरकार अपने नए सीईओ के नाम का खुलासा कर ही दिया। बीते 4-5 साल से यह खबर उड़ती रहती है कि एप्पल टिम कुक की जगह नया सीईओ बना रही है। लेकिन, इन अफवाहों के बीच कुक ने अपने 15 साल बतौर सीईओ पूरे भी कर लिए और अब जाकर कंपनी ने जॉन टर्नस को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ चुन लिया है। टिम कुक लगातार 15 साल तक एप्पल के सीईओ रहे, जो कंपनी के किसी भी अन्य सीईओ के मुकाबले सबसे ज्यादा अवधि है। अब 1 सितंबर, 2026 से उनकी जगह जॉन संभालेंगे। इससे पहले तक जॉन का नाम नहीं सुना हो तो उनके बारे में यह जान लीजिए कि एप्पल को आज सबसे मूल्यवान कंपनी बनाने का श्रेय जॉन को भी उतना ही जाता है, जितना कुक के नाम है। टर्नस ने साल 2001 में एप्पल की प्रोडक्ट डिजाइन टीम को ज्वाइन किया था, जहां शुरुआत में उन्होंने एप्पल सिनेमा डिस्प्ले पर काम किया। उनकी काबिलियत को देखते हुए कंपनी ने साल 2013 में ही हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग का वाइस प्रेसिडेंट बना दिया। टर्नस सीधे टिम कुक को रिपोर्ट करते थे। साल 2020 में उन्होंने आईफोन हार्डवेयर की कमान संभाली और फिर साल 2021 में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बना दिया गया।

## टर्नस 1 सितंबर 2026 से एप्पल के सीईओ टीम का पदभार संभालेंगे

### डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका

जॉन टर्नस फिलहाल एप्पल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं। यह वही विभाग है, जो एप्पल आईफोन से लेकर तमाम प्रोडक्ट की डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। खुद टिम कुक ने उनकी तारीफ करते हुए कहा है कि जॉन दिमाग से इंजीनियर और आत्मा से इनोवेटर हैं। इसका मतलब है कि उनका स्वभाव ही कुछ नया खोजने और करने का है। उनकी अगुवाई में ही एप्पल की इंजीनियरिंग इतनी शानदार हो गई है, जिसे आज दुनिया की कोई टेक कंपनी टक्कर नहीं दे पाती है।



### डेड स्टार्टअप से शुरू किया था करियर

जॉन टर्नस ने साल 1997 में यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और लगभग खत्म हो चुके एक स्टार्टअप वर्चुअल रिसर्च सिस्टम में बतौर मैकेनिकल इंजीनियर अपना करियर शुरू किया। इस स्टार्टटप के लिए भी टर्नस ने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट डिजाइन किए। इससे पहले पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिर के मूवमेंट से चलने वाला मैकेनिकल फीडिंग ऑर्म डिजाइन किया, जो शुरुआत से ही उनके प्रैक्टिकल अप्रोच को दिखाता है।

## संयुक्त राष्ट्र के ईएससीएपी ने जारी की रिपोर्ट

# भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान: संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी ⏭ संयुक्त राष्ट्र

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी।

- दक्षिण-पश्चिम की अर्थव्यवस्था 2025 में 5 .4 फीसदी की दर से बढ़ी

इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई। इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

**खास बातें**

- एशिया की अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 में वृद्धि दर 5 .2 प्रतिशत रही
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग और जीएसटी दरों में कटौती से समर्थन मिला



### अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी की गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा। इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा।

### मुद्रास्फीति 4.4 प्रतिशत रहने के आसार

देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित

इसमें कहा गया, '' एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।''

### व्यक्तिगत धन प्रेषण बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

### प्रतिवर्ष आठ लाख नौकरियां सृजित हुई

इसमें अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के अनुमान का भी उल्लेख किया गया जिसके अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग 1.66 करोड़ हरित नौकरियां थीं और 2012 से 2024 के बीच प्रतिवर्ष लगभग आठ लाख नई नौकरियां सृजित हुईं जो सात प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को दर्शाती हैं। इन 1.66 करोड़ नौकरियों में से 73 लाख चीन में, 13 लाख भारत में और 25 लाख एशिया के अन्य हिस्सों में सृजित हुईं जो वैश्विक कुल का क्रमशः 44 प्रतिशत, 8 प्रतिशत और 15 प्रतिशत हैं।

# एआई से तैयार सामग्री पर लगातार दिखाना होगा पहचान चिन्ह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार सामग्री के लिए सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए ऐसी सामग्रियों पर अनिवार्य, लगातार और स्पष्ट रूप से दिखने वाला पहचान चिन्ह लगाने का मंगलवार को सुझाव दिया।

- सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए सरकार ने रखा प्रस्ताव

मंत्रालय की तरफ से जारी मसौदा संशोधनों के तहत, अब 'प्रमुख रूप से दिखाई देने' की जगह पूरे वीडियो या विजुअल कंटेंट की अवधि के दौरान निर्धारित पहवान चिन्ह को लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। इन संशोधनों में स्वतंत्र रूप से समाचार सामग्री तैयार करने वाले निर्माताओं को भी नियामकीय दायरे में लाने और उनके लिए सरकारी परामर्शों का पालन अनिवार्य करने का प्रावधान किया गया है। मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन के मसौदे में इन बदलावों को प्रस्तावित किया है। मंत्रालय ने हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित करने की समय-सीमा को भी बढ़ाकर सात मई कर दिया है, जो पहले 29 अप्रैल निर्धारित था। मंत्रालय ने मसौदा दस्तावेज जारी करते हुए कहा, नियम 3(3)(ए)(आईआई) में संशोधन कर 'विजुअल प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिखाई देने' वाले शब्दों की जगह यह सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है कि ऐसे पहचान चिन्ह उस सामग्री की पूरी अवधि के दौरान लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों।

### पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना

मंत्रालय ने कहा कि इन अतिरिक्त संशोधनों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया गया है ताकि हितधारक पहले से जारी मसौदे के साथ इन नए प्रस्तावों पर भी अपने सुझाव दे सकें। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य एआई-जनित या कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री की पहचान को अधिक पारदर्शी बनाना और उपयोगकर्ताओं को भ्रामक कंटेंट से बचाना है।


# तीसरे दिन बाजार में तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई

कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए।

- शांति वार्ता की प्रगति से बाजार में बढ़ी उम्मीदें

सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी 211.75 अंक बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।



### परसिस्टेंट सिस्टम्स का लाभ 33.7 प्रतिशत बढ़कर 529.26 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी परसिस्टेंट सिस्टम्स का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.73 प्रतिशत बढ़कर 529.26 करोड़ रुपये रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 395.76 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब 25 प्रतिशत बढ़कर 4,055.93 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 3,242.11 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि नए श्रम संहिताओं के लागू होने के कारण 89 करोड़ रुपये का वैधानिक प्रभाव पड़ा है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 33.20 प्रतिशत बढ़कर 1,865.12 करोड़ रुपये हो गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | तीन वर्ष के लिए निःशुल्क एलईडी एस/एल को स्थल पर बदलना, ऑन/ऑफ प्रचालन व रखरखाव सहित निःशुल्क सभी मदों के लिए 3 वर्षीय डीएलपी और टी/एफ हेतु 6 वर्षीय डीएलपी समेत सेक्टर-8, पानीपत में हाल ही में खाली किए गए क्षेत्र में 200 केवीए टी/एफ, एचटी/एलटी लाइन और स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान (जीएसटी को छोड़कर)। | बंद होने की तिथि 27.04.2026 | 23.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xeneledrk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–13/2027/60/44743/I/88/6 दि. 21.04.26



**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी आईआरईपीएस पोर्टल (http://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-13-2026 | दिनांक 04.05.2026 को 11:00 बजे | पानीपत (कार) (प्रथम प्रवेश), कुरूक्षेत्र (द्विवितीय प्रवेश) (साइकिल स्कूटर), रोहतक (द्विवितीय प्रवेश), बरेटा, बुढलाडा, करनाल (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर–कार), खेकड़ा (परिसंचरण क्षेत्र), थानेसर, सांपला (मुख्य प्रवेश), सांपला (द्वितीय प्रवेश), कुरूक्षेत्र (प्रथम प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर–कार) = कुल 11 साइटें। |

वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता: https://ireps.gov.in/

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण।
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोडयूल के लिए आईआरपीएस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी: वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084


संख्या 23AC/393/E-Auction/PKG/2026 Dated: 21.04.2026 — 1316/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## राशिफल



**मेष** — आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जहां आपका नेतृत्व कौशल चमकेगा।



**वृष** — आज स्थिरता और संतुलन का दिन रहेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें, अनावश्यक खर्च से बचें। बातचीत से समस्याएं हल होंगी।



**मिथुन** — आज अवसरों और रचनात्मकता से भरा दिन है। संचार कौशल बढ़ेगा, नए विचारों से करियर में तरक्की संभव। उत्साह बनाए रखें।


**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन और आत्म-निरीक्षण का दिन रहेगा। परिवार में खुशियां रहेंगी, लेकिन कार्यस्थल पर दबाव हो सकता है।



**सिंह** — आज ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा दिन है। करियर में सफलता के नए अवसर मिल सकते हैं, नेतृत्व क्षमता चमकेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।



**कन्या** — आज व्यावहारिकता और मेहनत का दिन रहेगा। कार्यस्थल पर पुराने काम पूरे होंगे, लेकिन नई योजनाओं में सावधानी बरतें।


**तुला** — आज संतुलन और रिश्तों पर फोकस रहेगा। प्रेम और वैवाहिक जीवन में गहराई आएगी, लेकिन छोटी बातों पर ध्यान दें। करियर में टीम वर्क फायदेमंद होगा।


**वृश्चिक** — आज गहनता और परिवर्तन का दिन है। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक मुद्दे हल होंगे।


**धनु** — आज साहस और नई शुरुआत का दिन रहेगा। यात्रा या शिक्षा से जुड़े काम फायदेमंद होंगे। करियर में प्रगति संभव। परिवार में खुशियां रहेंगी।


**मकर** — आज अनुशासन और मेहनत का दिन है। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में देरी हो सकती है। परिवार में शांति बनी रहेगी।


**कुंभ** — आज नवीन विचारों और सामाजिक गतिविधियों का दिन रहेगा। दोस्तों और नेटवर्क से फायदा हो सकता है। करियर में रचनात्मकता दिखाएं।


**मीन** — आज आध्यात्मिकता और आत्म-चिंतन का दिन है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, योग-ध्यान लाभकारी रहेगा। करियर में छोटे बदलाव फायदेमंद।


### देश को 100 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। 'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। गडकरी ने बताया कि वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में वाहन मामूली बदलाव के साथ

### चांदी 700 रुपये मजबूत सोने में 300 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि वैश्विक अनिश्चितता और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि घरेलू बाजारों में सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिली, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते निवेशक 'सुरक्षित निवेश' की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, वैश्विक रुझान कमजोर बने रहे। हाजिर चांदी 1.29 प्रतिशत घटकर 78.69 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना लगभग एक प्रतिशत घटकर 4,776.85 डॉलर प्रति औंस रह गया। मडॉलर में मजबूती और अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण हाजिर सोना 4,780 डॉलर प्रति औंस के स्तर के आसपास बना रहा। अमेरिका द्वारा ईरान के साथ बातचीत की संभावना का संकेत दिए जाने के बावजूद तेहरान ने बातचीत में शामिल होने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया है।

## शब्द पहेली - 6203



**बाएँ से दाए-**


1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6202 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | ब | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | ब | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |



## खबर संक्षेप

### बलिया में फोन पर दिया तलाक दिया, केस दर्ज

**बलिया (उप्र)।** बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक मुस्लिम महिला को उसके पति ने मोबाइल फोन पर कथित तौर पर तलाक दे दिया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया है। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रसड़ा कस्बे के वार्ड नंबर 18 की शबीना खातून की तहरीर पर सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चक कलंदर चकिया गांव निवासी परवेज आलम उर्फ रिंकू के विरुद्ध बीएनएस की संबंधित धाराओं और मुस्लिम महिला अधिनियम की धारा में नामजद मामला दर्ज किया गया है।

### जदयू विधायक दल के नेता बने श्रवण कुमार

**पटना।** श्रवण कुमार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।



उनके नाम की औपचारिक सूचना पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा द्वारा विधानसभा को भेजी गई थी। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। इस चयन से पहले सोमवार को जदयू विधायकों ने विधायक दल का नेता चुनने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को अधिकृत किया था।

### भारतीय के हत्यारे को आजीवन कारावास

**लखनऊ।** टोरंटो की अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी की मानसिक बीमारी के आधार पर आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की मांग खारिज कर दी। टोरंटो की उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेन केली ने आरोपी रिचर्ड एडविन को दो अलग-अलग हत्याओं में प्रथम श्रेणी हत्या का दोषी करार दिया। हत्याएं 7 अप्रैल और 9 अप्रैल 2022 को हुई थीं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अदालत ने उसे बिना पैरोल की संभावना के आजीवन कारावास की सजा दी।

### फ्रॉड में बैंक के 3 अफसर समेत 20 गिरफ्तार



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में 2500 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़ हुआ है। इसके साथ ही कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 20 हो गई है। यस बैंक के पर्सनल मैनेजर मौलिक कामानी, एक्सिस बैंक के मैनेजर कल्पेश डांगरिया और एचडीएफसी बैंक के पर्सनल बैंकर अनुराग बाल्धा अरेस्ट हुए हैं।

### महिलाओं पर पप्पू यादव का बयान, नोटिस जारी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने



महिलाओं के संबंध में कहा कि महिलाओं को राजनीति में आने के लिए कंप्रोमाइज करना पड़ता है। बिहार राज्य महिला आयोग ने यादव को नोटिस जारी किया है। आयोग ने महिलाओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने को लेकर जवाब मांगें हैं।

### डॉ. भागवत के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी खारिज

**मुंबई।** उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ ने संघ प्रमुख मोहन



भागवत को दी जा रही जेड प्लस वीआईपी सुरक्षा कवच का खर्च सरसंचालक मोहन भागवत के जरिए वसूलने की मांग खारिज कर दी। याचिका मे यह मांग की गई थी कि उनकी सुरक्षा पर खर्च स्वयं सरसंघचालक से वसूला जाए।

# मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं

**नई दिल्ली(भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सबरीमाला अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी से पूछा कि क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं है। कोर्ट ने पूछा मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं।' शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी मुख्य पुजारी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर जाता है तो यह किसी देवता की विशेषताओं के विरोध में नहीं हो सकता। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न आस्थाओं को मानने वाले लोगों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है।

- वकील बोले- भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी, इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी
- मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा
- पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती

### सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुनवाई

#### 7 अप्रैल से शुरू हुई सुनवाई

सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।



- तंत्री' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि ने कहा कि किसी भी मंदिर में संपन्न होने वाले समारोहों और अनुष्ठानों की प्रकृति धर्म का अभिन्न अंग है और यह एक धार्मिक प्रथा है।
- इस तरह की प्रथा का जारी रहना, जो एक आवश्यक धार्मिक प्रथा है, पूजा के अधिकार का एक हिस्सा होगा जो धर्म या धार्मिक संप्रदाय में विश्वास रखने वाले प्रत्येक सदस्य के लिए है।
- 'जब कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है, तो वह देवता के गुणों के विरुद्ध नहीं जा सकता, क्योंकि उसका उद्देश्य देवता की पूजा करना है।

#### आज आ सकता है फैसला

सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले



और जुड़े हैं। फैसला आज आने की संभावना है। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।

### शाह ने आसनसोल और कुलटी में की रैली, ममता पर साधा निशाना

# भाजपा बंगाल में हर वर्ष युवाओं को एक लाख नौकरियां मुहैया कराएगी

**यह चुनाव 'राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने' का अवसर**

भाषा ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को 'राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने' का अवसर बताते हुए कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो योग्यता के आधार पर युवाओं को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएंगी।

पश्चिम बर्धमान के औद्योगिक केंद्रों आसनसोल और बराकर के बाहरी इलाके कुलटी में दिन की अपनी दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा देश के लौह अयस्क उत्पादन केंद्र की औद्योगिक पहचान बहाल करेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करेगी। शाह ने तृणमूल सरकार पर 'योग्य अभ्यर्थियों की नौकरियां छीनकर अयोग्य लोगों को बेचने' आरोप लगाते हुए कहा कि 'भाजपा वादा करती है कि सत्ता में आने पर वह बंगाल में हर साल एक लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देगी। राज्य में भाजपा के सत्ता में आने पर 'घुसपैठियों से मुक्त बंगाल' बनाया जाएगा।



#### दशकों पुराना गोरखा मुद्दा छह महीने में सुलझाएंगे

*कुर्सियांग (पश्चिम बंगाल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक रूप से अहम पहाड़ी क्षेत्रों के मतदाताओं से भावनात्मक जुड़ाव बनाने की कोशिश करते हुए मंगलवार को वादा किया कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो दशकों पुराने गोरखा मुद्दे का समाधान छह महीने के भीतर कर दिया जाएगा। शाह ने कहा कि भाजपा के अलावा कोई अन्य दल गोरखाओं की समस्या का स्वीकार्य समाधान नहीं निकाल सकता। उन्होंने दार्जिलिंग जिले के कुर्सियांग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा गोरखाओं की चिंताओं एवं आकांक्षाओं को समझती है और वह उनकी शर्तों के अनुसार समाधान खोजने की दिशा में काम करेगी।*

**हल्दिया में गरजीं सीएम ममता**

#### बंगाल में फिर बनेगी टीएमसी सरकार



सीएम ममता बनर्जी ने हल्दिया में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। कोई भी भाजपा की सरकार नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि केंद्र से एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। 2026 में भाजपा को दिल्ली की सत्ता से भी बाहर कर देंगे। बेनर्जी ने नेता प्रतिपक्ष सुभेंदु अधिकारी का नाम लिए बिना उन पर तीखे तंज कसे। उन्होंने कहा कि आपके भीतर बहुत अहंकार है।

#### तमिलनाडु में कानून व्यवस्था बिगड़ रही

**चेन्नई (भाषा)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को आरोप लगाया कि द्रमुक शासन में तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। नायडू ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तमिलनाडु के लोगों से समझदारी से फैसला लेने और आगामी चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देकर बुलेट की रफ्तार से आगे बढ़ने वाली डबल इंजन सरकार को चुनने की अपील की। अभिनेता विजय के आगामी चुनावों पर प्रभाव के विषय में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीति में एमजीआर या एनटीआर जैसे नेताओं की बराबरी करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने द्रमुक और कांग्रेस की ओर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का विरोध राजनीतिक लाभ-हानि के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए।



#### लोग राजग से सतर्क रहें: केजरीवाल

**चेन्नई (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को तमिलनाडु के लोगों से राजग से "सतर्क" रहने की अपील करते हुए कहा कि अगर गलती से भी वे उसे सत्ता में लाते हैं तो वे द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन के सारे अच्छे काम पर पानी फेर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार की तरह ही तमिलनाडु में भी अपना मुख्यमंत्री खुद चुनेगा। केजरीवाल ने गुजरात में भाजपा के शासन की आलोचना करते हुए कहा कि 30 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद पार्टी सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों की हालत में कोई सुधार नहीं कर पाई है। उन्होंने दावा किया, "वहां इतना भ्रष्टाचार है...जहां भी भाजपा ने शासन किया, राज्य बर्बाद हो गया।" दिल्ली के अपने अनुभव का हवाला देते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आम आदमी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार के सभी अच्छे काम को खराब करने का आरोप लगाया। 'पिछले साल दिल्ली में लोगों ने भाजपा को वोट दिया था और अब वे भाजपा सरकार से आजिज आ चुके हैं।



**सभी दलों ने अंतिम दौर में ताकत झोंकी**

### तमिलनाडु-बंगाल में थमा प्रचार, कल उम्मीदवारों की किस्मत पर फैसला

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले अब मंगलवार को चुनाव प्रचार थम गया है। तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। वहीं बंगाल में पहले चरण की 152 सीट पर वोटिंग होगी। चुनाव प्रचार थमने के बाद किसी भी तरह की सार्वजनिक रैलियों और राजनीतिक प्रचार अब उम्मीदवार नहीं कर सकेंगे। तमिलनाडु की बात करें, तो इस बार एक साथ सभी 234 सीटों पर मतदान होगा। इस बार राज्य में कुल 4,023 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बंगाल की 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान होना है। 4 मई को सभी चुनावी राज्यों की काउंटिंग की जाएगी। इस बार बंगाल में 2 चरण में मतदान होना है। पहले चरण में कुल 1,478 प्रत्याशी मैदान में हैं।

#### किसी भी परिस्थिति में स्ट्रांग रूम को नहीं खोला जाना चाहिए: आयोग

**तिरुवनंतपुर (भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को केरल के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और चुनाव अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए कि मतगणना से पहले किसी भी परिस्थिति में स्ट्रांग रूम न खोलें जाएं। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी केलकर ने कोझिकोड के पेरामब्रा निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम रखने वाले एक स्ट्रांग रूम के सोमवार को खोले जाने की खबरों और पलक्कड़ के नेनमारा निर्वाचन क्षेत्र में एक और स्ट्रांग रूम खोले जाने की कथित योजनाओं के बाद यह निर्देश जारी किया। सोमवार को कोझिकोड जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया था कि कोई भी स्ट्रांग रूम नहीं खोला गया।

**स्टालिन का केंद्र पर हमला**

#### तमिलनाडु से 'बैर' करने वालों के लिए 'खतरा'...



**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि जो तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करेंगे और इसके विकास में बाधा डालना चाहते हैं, उनके लिए वे हमेशा 'खतरा'है साबित होंगे। केंद्र द्वारा परिसीमन के लिए की जा रही आक्रामक कार्रवाई, तमिलनाडु जैसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को 'दंडित' करने के लिए है।

**बाइक रैली पर बैन**

#### चुनाव आयोग बोला पीछे बैठे तो खैर नहीं

बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित



करने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बाइक के उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार की बाइक रैली न करें इसकी अनुमति नहीं होगी। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी राजनीतिक दल बाइक रैलियां निकालते हैं, मतदाताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की जाती है।

**ओडिशा पुहंची राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत**

### राउरकेला में 158 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**राउरकेला (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला में लगभग 158 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में एक तारामंडल और विज्ञान केंद्र, निर्मल मुंडा परिवेश पथ, एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र, एक जनजातीय संग्रहालय और एक मनोरंजन पार्क शामिल हैं। स्टील सिटी कहलाने वाले राउरकेला की एक दिवसीय यात्रा पर आईं मुर्मू का झारसुगुड़ा स्थित वीर सुरेंद्र साई (वीएसएस) हवाई अड्डे पर राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने स्वागत किया।



**मणिपुर में नहीं थमा आक्रोश**



### मणिपुर : बंद के आह्वान को लेकर तनाव, दो आदिवासी समुदायों में झड़प, निषेधाज्ञा लागू

**इंफाल (भाषा)।** मणिपुर में एक नागरिक समाज संगठन द्वारा आहूत बंद को लेकर सेनापति और उससे सटे कांगपोकपी जिले की सीमा पर मंगलवार को दो आदिवासी समुदायों के प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई, जिससे इलाके में तनाव उत्पन्न हो गया और प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह झड़प तब शुरू हुई, जब उखरुल जिले में 18 अप्रैल को दो लोगों की हत्या के विरोध में 'यूनाइटेड नगा काउंसिल' (यूएनसी) की ओर से आहूत तीन दिवसीय बंद को लागू करने के लिए नगा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई नाकेबंदी को स्थानीय पुलिस ने हटाने का प्रयास किया।

**अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा**

### वारंगल में 2.5 करोड़ रुपये मूल्य का हशीश तेल जब्त, चार गिरफ्तार

**हैदराबाद (भाषा)।** हैदराबाद के वारंगल में मंगलवार को एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और उनसे 20 किलोग्राम हशीश का तेल जब्त किया गया, जिसकी कीमत 2.5 करोड़ रुपये है। पुलिस ने यह जानकारी दी। विशिष्ट सूचना के आधार पर, पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को वारंगल बस स्टैंड के पास रेलवे माल गोदाम क्षेत्र से गिरफ्तार किया, जहां वे कथित तौर पर प्रतिबंधित पदार्थ के साथ मुंबई जाने की तैयारी कर रहे थे। गिरोह के सदस्य ओडिशा और आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। वारंगल पुलिस आयुक्त सनप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने चारों आरोपियों से 20 किलोग्राम हशीश का तेल जब्त किया, जिसे वे मुंबई में बेचने जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी कथित तौर पर अपने पैतृक स्थान पर गांजा उगाता था और गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इसे बेचता था।



**समग्र उपचार की ओर बढ़ते वैश्विक कदम**

### योग और आयुर्वेद से मधुमेह नियंत्रण पर लगी विज्ञान की भी मुहर

**हरिद्वार।** डायबिटीज के इलाज को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध ने एक क्रांति को जन्म दिया है। जो वैश्विक स्तर पर लंबे समय से टाइप-1 डायबिटीज के मुख्य उपचार इंसुलिन थेरेपी को लेकर नजरिया बदलने को मजबूर कर देगा। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फ्रंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग,



प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है। शोध में यह भी साबित किया है कि योग-प्राणायाम आदि को अपनाने से मरीजों के शुगर नियंत्रण, तनाव स्तर और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया। रिसर्च में इनका विशेष योगदान- इस शोध में पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार, उत्तराखंड, डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड एप्लाइड साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के वैज्ञानिक जया उप्रेती, मुस्कान चौहान, मयूर चौहान, प्रशांत कटियार, अनुराग डाबस और वेद प्रिया आर्य का विशेष योगदान रहा। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में किया गया। उनकी भूमिका इसमें सबसे अहम रही।

**अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में दलील**

## पवन खेड़ा के भागने का खतरा नहीं, गिरफ्तार की जरूरत नहीं

भाषा ▶▶ गुवाहाटी

पवन खेड़ा के वकील ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय में दलील दी कि कांग्रेस नेता के भागने का कोई खतरा नहीं है और उन्हें गिरफ्तार करने की कोई जरूरत नहीं है। अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी ने खेड़ा के इस आरोप को लेकर दर्ज कराई थी कि उनके पास कई पासपोर्ट हैं। न्यायमूर्ति पार्थिव ज्योति सैकिया की एकल पीठ ने दोनों पक्षों को तीन घंटे से ज़्यादा समय तक सुनने के बाद आखिरी आदेश सुरक्षित रख लिया। वीडियो कॉन्फ्रेंस से खेड़ा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक



मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि कांग्रेस नेता के आरोपों के जवाब में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की टिप्पणी, खासकर राज्य में विधानसभा चुनावों के संदर्भ में राजनीतिक बदले की भावना की ओर इशारा करती है। असम के महाधिवक्ता देवजीत लोन सैकिया ने खेड़ा को कोई भी राहत देने का विरोध करते हुए कहा कि यह कोई साधारण मानहानि का मामला नहीं है, क्योंकि यह मामला दस्तावेजों की जालसाजी से जुड़ा है। सैकिया ने बताया कि मुख्य अपराध धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़े हैं।

**बंबई उच्च न्यायालय ने मां की याचिका पर सुनवाई**

# शहीद अग्निवीर के परिजनों को समान लाभ देने की मांग

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने केंद्र को दी चेतावनी, देरी पर लगेगा भारी जुर्माना

भाषा ▶▶ मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए एक अग्निवीर की मां की याचिका का जवाब न देने पर मंगलवार को केंद्र से नाखुशी जताई और भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। मां ने अग्निवीरों के लिए भी सैनिकों के समान मरणोपरांत लाभ देने की मांग की थी। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति हितेन वेनेगांवकर की पीठ ने केंद्र को अग्निवीर मुरली नाइक की मां की याचिका के जवाब में अपना हलफ़नामा दाखिल करने के लिए 6 मई तक का समय दिया। नाइक पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू कश्मीर में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए थे। अदालत ने कहा कि केंद्र को पिछले साल दिसंबर और फिर जनवरी में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन आज तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है।

*पुंछ सेक्टर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए थे मुरली नाइक*

#### न्यायमूर्ति घुगे ने दी चेतावनी, याचिका पिछले साल से लंबित



न्यायमूर्ति घुगे ने चेतावनी दी, "यह याचिका पिछले साल से लंबित है। याचिका में उठाए गए मुद्दों पर याचिकाकर्ता ने पिछले साल जुलाई में सरकार को लिखे एक पत्र में भी बात की है। अगर अगली तारीख तक जवाबी हलफ़नामा दाखिल नहीं किया गया, तो हम भारी जुर्माना लगाएंगे।" अदालत ने कहा कि अब और कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 18 जून को करना तय किया। मुरली नाइक की मां ज्योतिबाई नाइक ने अपनी याचिका में कहा कि केंद्र की अग्निपथ योजना अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच 'मनमाना' फर्क पैदा करती है। उन्होंने परिवार को मरणोपरांत मिलने वाले पूरे लाभ नहीं दिए जाने में भेदभाव का आरोप लगाया।

#### याचिका में कहा

**जोखिम व कर्तव्य की समानता**

- याचिका में कहा गया है कि अग्निवीर भी वही कर्तव्य निभाते हैं और उन्हीं जानलेवा जोखिमों का सामना करते हैं जो नियमित सैनिक करते हैं, फिर भी उनके परिवारों को पेंशन लाभों से बाहर रखा गया है।

**मौलिक अधिकारों का उल्लंघन**

- याचिका के अनुसार, यह योजना बिना किसी स्पष्ट आधार के दो श्रेणियों में वर्गीकरण करती है, जो संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

**सुविधाओं से वंचित कर दिया**

- हालांकि परिवार को लगभग 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि मिली है, लेकिन उन्हें नियमित पारिवारिक पेंशन और अन्य संस्थागत कल्याणकारी सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है।

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए संतुलित रणनीति बेहद जरूरी

पहलगाम हमले की पहली बरसी केवल एक दर्दनाक स्मृति नहीं, बल्कि सुरक्षा नीति की गंभीर परीक्षा भी है। 22 अप्रैल 2025 को बैसरन घाटी में हुई आतंकी वारदात ने देश को झकझोर दिया था। एक साल बाद हालात अपेक्षाकृत शांत हैं, लेकिन असली चुनौती इस शांति को स्थायी सुरक्षा और सामान्य जीवन में बदलने की है। इस हमले को एक साल बीत चुका है। इस अवधि में एक-दो वारदात को छोड़ दें तो घाटी शांत ही रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उन इलाकों को भी खोल दिया जाए जो पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए थे। चूंकि ये लोगों की आजीविका का जरिया हैं। बदलते कश्मीर में अब लोगों में मुख्यधारा से जुड़ने की ललक है। ऐसे में सरकार और खुफिया एजेंसियों को भी चाहिए कि वे लोगों को सुरक्षित महसूस करवाएं। बलों की तैनाती इस तरह से हो कि गलत मंसूबे लेकर आने वाले हमले जैसी वारदातों की हिमाकत न करें। अब जरूरी है कि सरकार सुरक्षा और शांति के लिए एक संतुलित रणनीति बनाए। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी व्यापक सतर्कता जरूरी है। सुरक्षा किसी भी संवेदनशील क्षेत्र की पहली जरूरत होती है, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे इलाके में। बीते एक साल में सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने सतर्कता बनाए रखते हुए बड़े हमलों को रोकने में सफलता पाई है। यह दिखाता है कि मजबूत सुरक्षा तंत्र ही शांति की बुनियाद बन सकता है। यह भी उतना ही जरूरी है कि सुरक्षा के नाम पर आम नागरिकों के जीवन और रोजगार पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगे। बैसरन घाटी जैसे इलाकों का लंबे समय तक बंद रहना स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डाल रहा है। पर्यटकों की संख्या पहले ही 30-40% तक घट चुकी है, जिससे लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से इन क्षेत्रों को फिर से खोला जाए। संतुलित रणनीति का मतलब यही है कि सुरक्षा "दिखे भी" और "भरोसा भी दे"। इसके लिए आधुनिक तकनीक, खुफिया तंत्र की मजबूती, स्थानीय लोगों की भागीदारी और सीमित, लेकिन प्रभावी बल तैनाती जरूरी है। ऐसा माहौल बनाना होगा, जिसमें पर्यटक बिना डर के आएं और स्थानीय लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें। देश के अन्य हिस्सों में भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। हाल ही में राजस्थान की एक रिफाइनरी में लगी आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। यदि इसमें किसी साजिश के संकेत मिलते हैं, तो यह साफ है कि खतरे का दायरा व्यापक है। और यदि यह हादसा है, तब भी सुरक्षा मानकों की समीक्षा जरूरी हो जाती है। किसी भी रूप में देश को नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं सुरक्षा तंत्र के लिए चेतावनी हैं। आतंकवाद के खिलाफ सख्ती जरूरी है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल खतरे को खत्म करना नहीं, बल्कि सामान्य जीवन को बहाल करना भी होना चाहिए। जिस तरह नक्सलवाद के खिलाफ रणनीतिक और बहुआयामी प्रयास किए गए, उसी तरह आतंक के खिलाफ भी सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों को साथ लेकर चलना होगा। भारतीय सेना का संदेश "भारत कुछ नहीं भूला" यह स्पष्ट करता है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। पहलगाम की यह बरसी याद दिलाती है कि मजबूत सुरक्षा और सामान्य जीवन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सही रणनीति वही होगी, जो दोनों को साथ लेकर चले, तभी देश सुरक्षित भी होगा और सच में सामान्य भी।



मुद्दा
मनीष कुमार चौधरी

# भारत में क्यों जरूरी है परिसीमन

> भले ही संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। परिसीमन तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण व लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाया गया संविधान (131वां) संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया। भले ही विधेयक पारित न हो पाया हो, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, जिसके 2029 के आम चुनावों को आकार देने की उम्मीद है, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। यूं देखा जाए तो परिसीमन एक तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

संवैधानिक रूप से प्रत्येक दशक के बाद जनसंख्या जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्वितरण अनिवार्य था। पुनर्वितरण अंतिम बार 1971 की जनगणना के बाद ही किया गया था। देश में जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार सरकारों ने सीटों के पुनर्वितरण को रोक दिया। वर्ष 2000 के दशक की शुरुआत में प्रत्येक राज्य के भीतर जनसंख्या को सामान्य करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से तैयार किया गया था, लेकिन इस अभ्यास ने प्रत्येक राज्य को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। 1971 के बाद से भारत की जनसंख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। लेकिन यह वृद्धि पूरे देश में समान रूप से नहीं हुई है। असमान वृद्धि इसलिए हुई, क्योंकि दक्षिणी राज्य अपनी प्रजनन दर को तेजी से नीचे लाने में सक्षम रहे। उत्तरी राज्यों का जनसंख्या हिस्सा 43 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दक्षिणी राज्यों का हिस्सा 1971 और 2026 के बीच 25 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। इससे यह आशंका उठ खड़ी हुई है कि पूरी तरह से जनसंख्या के आधार पर संसद की सीटों का पुनर्वितरण करने से दक्षिणी राज्य संसद में अपनी सीटों का हिस्सा खो देंगे, जबकि यह तकनीकी रूप से देशभर में प्रतिनिधित्व को निष्पक्ष बना देगा, खासकर कम प्रतिनिधित्व वाले उत्तरी राज्यों के लिए। उदाहरण के लिए, केरल का एक सांसद लगभग 18 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं राजस्थान का सांसद करीब 33 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिणी राजनीतिक दलों की चिंता इसी को लेकर है। उन्हें डर है कि इससे उत्तरी राज्यों को अधिक शक्ति मिलेगी, जो न केवल भारतीय जनता पार्टी के गढ़ हैं, बल्कि हिंदी-बेल्ट या हिंदी भाषी क्षेत्र के रूप में भी लोकप्रिय हैं। उनका मानना है कि पुनः आवंटन योजना से उन्हें अच्छी नीतियों और शासन के लिए दंडित किया जाएगा, जबकि उत्तरी राज्यों को पुरस्कृत किया जाएगा, जहां जनसंख्या वृद्धि काफी हद तक अनियंत्रित रही है। वर्ष 1952 में जब देश में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए, तब संसद में 489



सीटें थीं और आबादी थी करीब 36 करोड़। आज आबादी 140 करोड़ पार कर चुकी है, लेकिन पिछले 50 साल से सीटें 543 पर जमी हैं। इसका एक स्वाभाविक परिणाम सामने आया है- सीमित सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा। इसका लाभ उन लोगों को मिलता है जिनके पास पहले से ही राजनीतिक पूंजी मौजूद है, जैसे नाम की पहचान, सांगठनिक समर्थन या वंशानुगत पृष्ठभूमि। सीटों की संख्या में विस्तार केवल सीटों की संख्या नहीं बढ़ाता, बल्कि यह चुनावी क्षेत्र में प्रवेश की बाधाओं को भी कम करता है। एक विशाल संसद उन नए चेहरों के लिए जगह बनाती है, जो अन्यथा हाशिए पर ही रह जाते। भारतीय राजनीति में समय के साथ स्थिरता के कुछ क्षेत्र बन गए हैं, ऐसे निर्वाचन क्षेत्र कुछ खास व्यक्तियों, परिवारों या पार्टियों के लिए 'सुरक्षित सीटों' के तौर पर काम करते हैं। परिसीमन इस जड़ व्यवस्था पर चोट करता है। जब सीमाएं बदलती हैं, तो मतदाताओं की बनावट भी बदल जाती है।

कोई ऐसा निर्वाचन क्षेत्र, जो कभी किसी खास जातिगत समीकरण, सामुदायिक जुड़ाव या राजनीतिक नैरेटिव के पक्ष में रहा हो, हो सकता है कि अब वैसा न रहे। देश तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2029 तक भारत के मतदाताओं की बनावट आज या कुछ बरस पहले से काफी अलग होगी। जैसे-जैसे शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नए निर्वाचन क्षेत्र उभरेंगे, उनके भीतर चुनावी प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदलेगा। जब मुकाबले का ढांचा बदलता है, तो पार्टियों को भी उसके हिसाब से ढलना पड़ता है, वरना उनके अप्रासंगिक हो जाने का खतरा रहता है।

इस तरह का बदलाव सिर्फ ऊपरी तौर पर नहीं होता। प्रतिनिधित्व में आया पीढ़ीगत बदलाव स्वाभाविक रूप से राजनीतिक विमर्श में भी बदलाव लाता है। जैसे-जैसे संसद में उनकी मौजूदगी बढ़ती जाएगी, राजनीतिक बहसों का समग्र स्वरूप भी बदल सकता है। इस तरह परिसीमन के आधार पर गठित 2029 की संसद भारत के भविष्य को लेकर एक ज्यादा जटिल और प्रगतिशील संवाद को दर्शा सकती है। हमें यह समझना भी बेहद जरूरी है कि परिसीमन कोई आसान सुधार नहीं है। इसके साथ कई किंतु-परंतु और राजनीतिक डर व आशंकाएं जुड़ी हैं। जो राज्य जनसंख्या वृद्धि को स्थिर करने में सफल रहे हैं, उन्हें अब राजनीतिक रूप से हाशिए पर जाने का डर है, जबकि तेजी से जनसंख्या बढ़ने वाले राज्य यह तर्क देते हैं कि प्रतिनिधित्व को वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। राज्यों के बीच एक नैतिक मुकाबला मानने से एक संरचनात्मक संवैधानिक मुद्दे को राजनीतिक शिकायत में बदलने का जोखिम है। संसदीय सीटों का पूरी तरह से जनसंख्या-आधारित पुनर्वितरण संख्यात्मक समानता को संतुष्ट कर सकता है, लेकिन यह संघीय संतुलन को भी बिगाड़ सकता है। चुनौती यह नहीं है कि परिसीमन होना चाहिए या नहीं, बल्कि इसके गुणावगुण प्रभावों का संतुलन कैसे साधा जाए, इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भारत के इतिहास में परिसीमन को इसकी राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण बार-बार टाला गया है। इस तरह के सुधार को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है जो तात्कालिक चुनावी हितों से कहीं आगे की सोच रखती हो। परिसीमन को केवल नक्शों को फिर से बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को नजरअंदाज करना होगा। असल में यह लोकतांत्रिक चुनावी मैदान का एक पुनर्समायोजन है। लोकतंत्र सिर्फ गणित नहीं होता। जब मतदाता वर्ग स्वयं बदल रहा हो, तो उसके साथ कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिनिधित्व को भी विकसित होना पड़ता है।

(लेखक स्वतंत्रत पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व पृथ्वी दिवस

रोहित कौशिक



# हमारी समझदारी से ही बच सकेगी धरती

एक नए अध्ययन में बताया गया है कि महासागरों के तेजी से गर्म होने के कारण मौसम के चक्र में बदलाव का अनुमान है। वर्तमान में हिंद महासागर और इसके आसपास के देश वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं के सबसे अधिक खतरे वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज पृथ्वी को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस दौर में जिस तरह से मौसम का चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ-साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिन्ता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को एक फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में पृथ्वी और पर्यावरण बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही इस अभियान की हवा निकालने में लगे हुए हों तो पृथ्वी और पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो पर्यावरण बचाओ आन्दोलन चलाया जा रहा है, उसमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। पर्यावरण सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने त्याग की कीमत पर नहीं बल्कि दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास एग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है, लेकिन इसका फायदा तभी होगा, जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते हैं।

स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। दरअसल इस दौर में पर्यावरण की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हालात यह है कि मौसम का समस्त चक्र भी अनियमित हो गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम की यह अनिश्चितता और तापमान का उतार-चढ़ाव जलवायु परिवर्तन के कारण है। जलवायु परिवर्तन के कारण एक ही ऋतु में किसी एक जगह पर ही मौसम में उतार-चढ़ाव या परिवर्तन हो सकता है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में ही जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। हालांकि इस चिन्ता में खोखले आदर्शवाद से लिपटे हुए नारे भी शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में हम इस तरह के नारे अक्सर सुनते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से जलवायु परिवर्तन का मुद्दा हल हो सकता है। यह सही है कि ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं पर सार्थक चर्चा होती है और कई बार कुछ नई बातें भी निकलकर सामने आती हैं। यदि विकसित देश एक ही लीक पर चलते हुए केवल अपने स्वार्थों को तरजीह देने लगें तो जलवायु परिवर्तन पर उनकी बड़ी-बड़ी बातें बेमानी लगने लगती हैं। दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है।

ज्यादातर विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रति सफलतापूर्वक अनुकूलन के लिए आर्थिक एवं प्रोद्यौगिकीय स्त्रोतों का अभाव है। दरअसल हरेक परिस्थितिक तंत्र के लिए अनुकूलन विशिष्ट होता है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता एवनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाष्म इंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नहीं है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भीषण गर्मी का प्रकोप, तपते शहर

उत्तर भारत से लेकर पश्चिम और मध्य भारत तक इन दिनों गर्मी ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है, हवा में तपिश घुली हुई है और दोपहर का समय तो जैसे आग उगलता प्रतीत होता है। हालात ऐसे हैं कि लोग जरूरी कामों के अलावा घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। जो निकल भी रहे हैं, वे छाता, गमछा या कपड़े से खुद को ढककर ही बाहर कदम रख रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग इस भीषण गर्मी की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक है, जिससे गर्मी की तीव्रता और भी अधिक महसूस हो रही है। *– संजय खोखर, रोहतक*

## करंट अफेयर

# घर के आंगन में उतरा हॉट बैलून, 13 लोग थे सवार

दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक हॉट एयर बलून को आपात स्थिति में एक घर के परिसर में उतारना पड़ा, जिसमें 13 लोग सवार थे। यह घटना शनिवार को हुई जब एक विशाल हॉट एयर बलून, जिसमें पायलट और यात्री सवार थे, टेमेकुला के एक घर की संकरी घास वाली पट्टी पर बिल्कुल सही तरीके से उतारा गया। घर के मालिक हंटर पेरिन के मुताबिक उन्हें इन मेहमानों के आने की सूचना तब मिली जब एक पड़ोसी ने इसकी जानकारी दी। पेरिन ने 'केएबीसी-टीवी' को बताया, मैंने स्लाइडिंग कांच का दरवाजा खोला और पाया कि मेरे घर के आंगन में 13 लोगों से भरी एक टोकरी है! उसने कहा, पायलट बहुत माहिर था। बलून न तो किसी चीज से टकराया, न ही कोई घायल हुआ। ब्रियाना अवालोस, जो अपने पति के साथ शादी की दसवीं सालगिरह मनाने के लिए बलून पर सवार हुई थीं, ने बताया कि पायलट ने यात्रियों को सूचित किया कि कम ईंधन और कमजोर हवाओं के कारण उसे आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ेगी।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है।



## ट्रेंड

### कांग्रेस का असली चेहरा



जब कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर घिर जाती है, तो उसके नेताओं की भाषा उनका असली चेहरा उजागर कर देती है। प्रधानमंत्री के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग यह दर्शाता है कि विपक्ष के पास न कोई नीति है, न संकल्प।
**- शिवराज सिंह चौहान,** कृषिमंत्री

### मासूम की जागरूकता



एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची की जागरूकता ने 1098 पर एक कॉल करके बाल विवाह को रोक दिया और एक बच्ची का बचपन बचा लिया। एक सही कदम बड़ा बदलाव ला सकता है। बाल विवाह एक अपराध है: सतर्क रहें, 1098 का उपयोग करें।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय** महिला विकास मंत्री

### 'मुन्ना' का निधन दुःखद



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'मुन्ना' के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और कांग्रेस पार्टी के मूल्यों के लिए समर्पित कर दिया। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### ममता को भय का सहारा



एनडीए 20 राज्यों में सत्ता में है, लेकिन कहीं भी किसी के बोलने, खाने या पूजा करने पर प्रतिबंध नहीं है। ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों में कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई हैं, इसलिए वे भय, भ्रम और अफवाहें फैलाने का सहारा ले रही हैं।
**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

# तिलक को समझाने में आ गया था चक्कर : हार्दिक

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

आईपीएल 2026 में सोमवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) बीच खेले गए मुकाबले में फैंस को तिलक वर्मा का विस्फोटक और यादगार शतक देखने को मिला। तिलक ने अपने शतक के मुंबई को जीटी पर 99 रनों से जीत दिलाई और पिछले 4 मैचों में मिले हार के क्रम को तोड़ा। तिलक वर्मा मैच के दौरान एक समय बेहद धीमी बल्लेबाजी कर रहे थे। वह एक समय 22 गेंदों पर सिर्फ 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इस समय ऐसा लग रहा था कि एमआई एक और हार की तरफ बढ़ रही है। तिलक वर्मा के साथ क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या मौजूद थे। हार्दिक ने तिलक को समझाया कि उन्हें कैसे खेलना है और वह क्या कर सकते हैं। इस दौरान हार्दिक तिलक पर गुस्से में नजर आए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हार्दिक ने मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने तिलक से क्या कहा था। हार्दिक ने कहा, मैंने उससे कहा कि तुम बस गेंद को देखो और हिट करो, चाहे कुछ भी हो। मुझे सच में लगता है कि उसके बल्ले से जिस तरह से गेंद निकलती है वह सच में कुछ खास है। समय आ गया था कि वह कुछ करे। हां, मुझे लगता है कि कुछ बार मैं इतनी जोर से चिल्लाया कि मुझे चक्कर आ गया। ग्रुप के लिए इसकी बहुत जरूरत थी।

### मुंबई इंडियंस को जीत की थी बहुत जरूरत

तिलक के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। मुंबई इंडियंस के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। एक कप्तान के तौर पर भी, उस तरह की एनर्जी चीजों को बदल देती है। हार्दिक के समझाने के बाद तिलक वर्मा ने ऐसी बल्लेबाजी की जो कभी-कभार ही देखने को मिलती है। ऐसा लग रहा था कि तिलक ने कप्तान की बात को अपनी अहम पर ले लिया और फिर उसके बाद सिर्फ छक्के और चौकों में बात करने लगे। 22 पर 19 वाले तिलक 45 गेंदों पर 101 पर पहुंच गए। इस दौरान बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने 7 छक्के और 8 चौके मारे। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था जो लंबे समय तक याद रहेगा।



# वर्मा ने कहा- कप्तान बढ़ा रहे थे मेरा आत्मविश्वास

**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियंस की पारी के दौरान जब तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हार्दिक ने तिलक को ऊंची आवाज में बेहतर बल्लेबाजी के लिए प्रेरित किया था। मैच के बाद तिलक ने बताया कि आखिर कप्तान हार्दिक ने उनसे क्या कहा था। तिलक ने कहा, सब जानते हैं कि हार्दिक भाई बहुत एनर्जेटिक हैं। वह मेरा आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुम कर सकते हो, तुम करोगे। मैंने उनसे बस शांत रहने के लिए कहा क्योंकि मुझे ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया कि मैं बाकी सब संभाल लूंगा।तिलक ने कहा, यह टीम और मेरे लिए बहुत जरूरी था। पिछले चार या पांच मैच में, एक बात लगातार मेरे दिमाग में चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया था और ज्यादा गेंदों का सामना नहीं किया था, इसलिए मेरा मकसद विकेट पर कुछ समय बिताना और फिर टीम की स्थिति के हिसाब से खुद को ढालना था। मैं शुक्रगुजार हूं कि यह इस तरह से काम कर गया। हालांकि, हमें बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहिए और एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए। हर गेम हमारे लिए लगभग नॉकआउट जैसा है। हम जानते हैं कि हम क्या कर सकते हैं।

### मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना पसंद

अहमदाबाद की पिच और अपनी पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम पर तिलक ने कहा, जब भी एमआई अहमदाबाद आती है, तो वे आमतौर पर हमें काली मिट्टी वाली विकेट देते हैं, जो थोड़ी धीमी होती है। ऐसा नहीं है कि हमारे बल्लेबाज नहीं खेल सकते। हम जानते हैं कि अगर ज्यादा बाउंस हो तो हम क्या कर सकते हैं। यह धीमी और नीची थी, इसलिए हमें संतुलन बनाना पड़ा और सीधे हिट करने की कोशिश करनी पड़ी। ज्यादा बाउंस नहीं था। मैंने कंडीशन को अच्छी तरह से समझा और सीधे हिट करने का फैसला किया। शुक्र है, मैं कुछ रन बना पाया। मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है।

## खबर संक्षेप

### कांगो गोल्फ टूर्नामेंट: संयुक्त बढ़त पर तुषार और मन्नत



**लुबुम्बाशी।** युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन छह अंडर 67 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। पिछले साल पेशेवर बनने वाले 21 वर्षीय पन्नू ने पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की जबकि हाल ही में महिला गोल्फ एसोसिएशन की पेशेवर बनी 19 वर्षीय बरार ने पहले दौर में एक भी बोगी नहीं की। इन दोनों के बाद सुखमन सिंह का नंबर आता है, जिन्होंने पांच अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह अकेले तीसरे स्थान पर हैं जबकि अमन राज ने हरेंद्र गुप्ता संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन दोनों ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उदयन माने, मानव शाह और सैयद साकिब अहमद ने तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

### 19 सितंबर से सोनी पर स्ट्रीम होंगे एशियाई खेल




**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। एशियाई खेलों में ओलंपिक में शामिल 32 खेलों सहित 41 खेलों में खिलाड़ी अपना भाग्य आजमाएंगे। इस बार इन खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट और सर्फिंग जैसे नए खेल भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा एशियाई खेलों में क्रिकेट, टेनिस, ईस्पोर्ट्स, कबड्डी, सेपक टकरा और कुराश जैसे खेल भी शामिल हैं।

## आईपीएल: ईशान मलिंगा ने 4 विकेट झटके

# अभिषेक के शतक से हैदराबाद की लगातार तीसरी जीत, कैपिटल्स को 47 रन से हराया

भाषा ▸▸| हैदराबाद

- ईशान मलिंगा हैट्रिक से चूके
- अभिषेक रहे प्लेयर ऑफ द मैच

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (नाबाद 135) की आक्रामक शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा (32 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी-20 मैच में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। 'प्लेयर ऑफ द मैच ' अभिषेक ने दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 68 गेंदों की नाबाद पारी में 10 छक्के और इतने ही चौके लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने दो विकेट पर 242 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को नौ विकेट पर 195 रन पर रोक दिया। इस जीत से टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। टीम के नाम सात मैचों में अब चार जीत है। कैपिटल्स की टीम छह मैचों में तीसरी हार के बाद पांचवें स्थान पर है। कैपिटल्स के लिए नीतिश राणा ने 30 गेंदों में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (23 गेंद में 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 86 रन की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम ने लय गंवा दी। टीम का स्कोर एक विकेट पर 107 रन से चार विकेट पर 107 रन हो गया। मलिंगा ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्हें दिलशान मधुशंका (36 रन पर एक विकेट) और शाकिब हुसैन (29 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जबकि हर्ष दुबे ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए। अभिषेक ने आईपीएल में अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान शुरुआती तीन विकेटों के लिए बड़ी साझेदारियां कीं। उन्होंने ट्रेविस हेड (26 गेंद में 37) के साथ पहले विकेट के लिए 53 गेंदों में 97 रन और कप्तान इशान किशन (13 गेंद में 25 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 79 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने हेनरिख क्लासेन (13 गेंद में नाबाद 37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 66 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के बड़े स्कोर को सुनिश्चित किया।





### हैदराबाद-242/2 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 135 |
| ट्रेविस हेड का रिजवी बो अक्षर | 37 |
| इशान किशन रन आउट | 25 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 37 |

अतिरिक्त : 08
कुल योग: 20 ओवर में दो विकेट पर : 242 रन
विकेट पतन: 1-97, 2-176
गेंदबाजी मुकेश 4-0-53-0, राणा 4-0-55-0, एनगिडी 4-0-41-0, अक्षर 2-0-23-1, कुलदीप 2-0-30-0 नटराजन 4-0-40-0

### दिल्ली-195/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पथुम का स्थानापन्न (लिविंगस्टोन) बो मधुशंका | 08 |
| राहुल का अभिषेक बो शाकिब | 37 |
| नीतिश का अभिषेक बो मलिंगा | 57 |
| समीर रिजवी का मधुशंका बो हर्ष | 41 |
| डेविड मिलर बो मलिंगा | 00 |
| ट्रिस्टन का शाकिब बो मलिंगा | 27 |
| आशुतोष का अनिकेत बो मलिंगा | 14 |
| अक्षर पटेल का रेड्डी बो हर्ष | 02 |
| कुलदीप नाबाद | 01 |
| एनगिडी का मधुशंका बो दुबे | 08 |

अतिरिक्त: 08
कुल योग:20 ओवर में नौ विकेट पर 195 रन
विकेट पतन: 1-21, 2-107, 3-107, 4-107, 5-166, 6-186, 7-192, 8-195, 9-195
गेंदबाजी: मधुशंका 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-57-0, मलिंगा 4-0-32-4, शाकिब 4-0-29-1, शिवांग 2-0-28-0, हर्ष 2-0-12-3

### हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा आरआर, एलएसजी से आज मुकाबला

**लखनऊ।** लगातार दो हार से आहत राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस 2008 की चैंपियन टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन उसके बाद पिछले दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 57 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तेज गेंदबाजों के सामने उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसने 9 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# शेफाली ने मारी छलांग स्मृति को नुकसान





एजेंसी ▸▸| लखनऊ

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे। भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं।

### जेमिमा को चार स्थान का नुकसान

जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन (18 स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

### दीप्ति, रेणुका और अरुंधति नीचे खिसकी

भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं।

**आयुष के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव, रहना होगा रिहैबिलिटेशन**

# सीएसके को करारा झटका म्हात्रे पूरे सीजन से बाहर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है।

म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें 6 से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने कहा, 'आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।' फ्रेंचाइजी ने कहा, 'आयुष को चोट से उबरने के लिए 6 से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना होगा।'



### सनराइजर्स के खिलाफ हुए थे चोटिल

18 वर्षीय बल्लेबाज आयुष सनराइजर्स के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरा था। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वह काफी असहज महसूस कर रहे थे। म्हात्रे को मैदान पर ही उपचार दिया गया। दर्द के बावजूद उन्होंने खेलना जारी रखा था लेकिन इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए थे। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा था, ' दुर्भाग्य से उसकी स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है।' म्हात्रे ने इस सत्र में छह मैचों में 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए।



# बोस्टन मैराथन में दौड़ी चेल्सी और सुनीता

एजेंसी ▸▸| बोस्टन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ 3 घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे, जो इस दौड़ को जीतने वाले अंतिम अमेरिकी पुरुष धावक हैं। चेल्सी क्लिंटन न्यूयॉर्क मैराथन सहित छह अन्य मैराथन में भाग ले चुकी हैं और उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# रियाल मैड्रिड फिर बना यूरोपीय चैंपियन




एजेंसी ▸▸| लॉज़ेन

रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रुग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस टूर्नामेंट में अंडर19 टीम भाग लेती है, जिसे जूनियर वर्ग की चैंपियंस लीग भी कहा जाता है। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। स्विट्जरलैंड में खेला गया फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रुग के नईम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यूईएफए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता।

## लॉरियस पुरस्कार: फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन सर्वश्रेष्ठ टीम

# अल्काराज-सबालेंका चुने गए 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमश: वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था। पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था।





### यामल ने जीता सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार

इस महीने मास्टर्स खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

### जिम्नास्ट कोमानेसी को मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट'

जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया जबकि अपने जमाने की दिग्गज जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को 'वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन' का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। स्पेन की राजधानी में आयोजित किए गए इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की।

### अल्काराज चोटिल, फ्रेंच ओपन खेलने पर संशय

**मैड्रिड।** दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज का दाहिनी कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध है। अल्काराज ने कहा कि अगले कुछ दिनों में उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने हैं, जिसके बाद यह पता चल पाएगा कि वह एक महीने बाद होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। अल्काराज से जब पूछा गया कि क्या वह फ्रेंच ओपन में खेलेंगे, उन्होंने कहा, ' देखते हैं। अगला मेडिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा।' स्पेन के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में लॉरियस पुरस्कार समारोह में भाग लिया और उनकी दाहिनी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्होंने पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था।

# एएफसी चैंपियंस लीग के फाइनल में अल-अहली



**जेद्दा।** इवान टोनी के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की मदद से सऊदी अरब के क्लब अल-अहली सऊदी ने जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। जेद्दा में शनिवार को होने वाले फाइनल में अल-अहली सऊदी का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली और जापान के माचिदा ज़ेलविया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। विसेल कोबे के 32वें मिनट में युशिनोरी मुटो के गोल से बढ़त बनाई। अल-अहली सऊदी ने 62वें मिनट में ब्राजील के विंगर गैलेनो के गोल से बराबरी की। टोनी ने इसके आठ मिनट बाद अल-अहली सऊदी की तरफ से दूसरा गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।




### नेपाल का भारत पर कस्टम शुल्क मामला

## बालेन के नए नियम का किया विरोध कहा- खतरे में 'रोटी-बेटी' का रिश्ता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

जेन जी आंदोलन से उभरे बालेन शाह और रवि लामीछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सत्ता में आने के बाद कई बदलाव देखने को मिले हैं। पीएम बालेन्द्र शाह सरकार के नए नियमों के अनुसार, 100 रुपए से अधिक का सामान लेकर नेपाल में प्रवेश करने पर कस्टम शुल्क देना अनिवार्य होगा। शुल्क न देने की स्थिति में सामान ज़ब्त कर लिया जाएगा। भारत से 100 से अधिक के सामान पर भंसार शुल्क के खिलाफ बिहार-नेपाल सीमा की पहचान शंकराचार्य गेट वीरगंज बॉर्डर पर जनअधिकार पार्टी का जोरदार



प्रदर्शन हुआ। पार्टी अध्यक्ष डॉ. शरद सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर धरना दिया, जिससे सीमा पर आवागमन बाधित हुआ। धरना स्थल पर मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. शरद सिंह यादव ने कहा कि महज राजस्व वसूली के नाम पर नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने प्रगाढ़ 'रोटी-बेटी' के सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को बिगाड़ा जा रहा है। जानबूझकर बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है।

### यूएनएससी में भारत की दो टूक

## ग्लोबल साउथ देशों को मिले अधिक प्रतिनिधित्व, निष्पक्ष प्रणाली की मांग

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता में अधिक प्रतिनिधित्व (विशेष रूप से 'ग्लोबल साउथ' के देशों के प्रतिनिधित्व) की आवश्यकता पर बल दिया है और एक निष्पक्ष और समावेशी वैश्विक वित्तीय प्रणाली की मांग की है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने यहां महत्वपूर्ण बैठकों में भारत की ओर से बयान दिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता की बैठक में उन्होंने 'ग्लोबल साउथ' के अधिक प्रतिनिधित्व की




आवश्यकता, विशेष रूप से स्थायी श्रेणी के तहत, पर प्रकाश डाला। जॉर्ज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों के प्रति भारत के दृष्टिकोण और अफ्रीकी मॉडल के बीच समानता पर भी जोर दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विकास के लिए वित्तपोषण पर 2026 आर्थिक और सामाजिक परिषद फोरम की आम बहस में भारत की ओर से राष्ट्रीय वक्तव्य दिया।

### 'कुछ सीमाएं कभी नहीं लांघी जानी चाहिए... भारत कभी नहीं भूलता'

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के पूर्व में भारतीय सेना की पाकिस्तान को दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर अभियान की 7 मई 2026 को मनाई जाने वाली पहली वर्षगांठ के पूर्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बेहद कड़े अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे अपनी सीमाओं में रहने की आवश्यकता है। अगर इस बार उसने ऐसी कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा। सेना ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी है और उसके शीर्षक में लिखा, 'जब मानवता की सीमाएं पार की जाती हैं, तो प्रतिक्रिया निर्णायक होती है। 'न्याय परोसा गया, भारत एकजुट खड़ा है'। इसके अलावा तस्वीर के अंदर इस संयुक्त सैन्य अभियान के लोगो के साथ लिखा है। 'कुछ सीमाएं कभी नहीं लांघी जानी चाहिए। भारत कभी नहीं भूलता'। पोस्ट के साथ बल ने हैशटैग-सिंदूर एनिवर्सरी, जस्टिस एंड्युवर्स और नेशन फर्स्ट जैसे तीन शब्द भी लिखे हैं।

### पहलगाम में हुए हमले की दुनियाभर के देशों ने की थी निंदा

पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) नामक समूह के आतंकवादियों ने बीते वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कुल 26 लोगों (25 निर्दोष पर्यटक, 1 नेपाली नागरिक शामिल) की बेहद निर्ममता के साथ हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में देश की सशस्त्र सेनाओं ने 7 मई को संयुक्त रूप से ऑपरेशन सिंदूर अभियान का आगाज करते हुए दुश्मन देश और उसके अनाधिकृत कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कुल 9 आतंकी शिविरों में मौजूद 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया था। इस हमले की अमेरिका सहित दुनियाभर के देशों ने कड़ी निंदा की थी।




### दिखाई लाल सिंदूर की गिरी हुई डिबिया

वहीं, सेना की अपनी इस सोशल मीडिया पोस्ट में '**crOssed**' शब्द में 'ओ' को सिंदूर की गिरी हुई डिबिया के रूप में दिखाया है और बॉटम में इसकी टैगलाइन में लाल रंग से भारत कभी नहीं भूलता यानी इंडिया डज नॉट फॉरगेट वाक्य लिखा है। यह पूरी प्रस्तुतीकरण देश की उन तमाम बहादुर माताओं और बहनों को समर्पित है। जिन्होंने इस आतंकी हमले में अपनी मांग का सिंदूर या अपने किसी प्रियजन को खो दिया था। बताते चलें कि इस अभियान की शुरुआत वाले दिन 7 मई को रात में करीब 1 बजकर 51 मिनट पर सेना ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए हैशटैग के साथ लिखा था कि पहलगाम टेरर अटैक, जस्टिस इज सर्वड.जय हिंद। साथ में इस सैन्य अभियान को दिए गए ऑपरेशन सिंदूर का नाम बताने वाला एक डिजिटल पोस्टर भी इस पोस्ट में शामिल किया गया था।

## खबर संक्षेप

### मेक्सिको में कनाडाई पर्यटक की हत्या

**नई दिल्ली।** मेक्सिको के टियाटिहुआकन में स्थित 'पिरामिड ऑफ द मून' पर सोमवार को सुबह



साढ़े ग्यारह बजे एक हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें एक कनाडाई पर्यटक की जान चली गई और 13 अन्य घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मार ली। यह हमला मेक्सिको की पर्यटन सुरक्षा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि गोलीबारी की घटना की जांच की जाएगी और वह कनाडाई दूतावास के संपर्क में हैं।

### जर्मनी के गुरुद्वारे में झड़प में 4 घायल, जांच शुरू



**लंदन।** जर्मनी के मोर्स शहर में एक गुरुद्वारे में दो गुटों के बीच झड़प में चार लोग घायल हो गए, जिसके बाद विशेष बलों सहित सुरक्षा बल को बड़े पैमाने पर तैनात किया गया। वेसेल जिला पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:20 बजे सिख सामुदायिक केंद्र में प्रार्थना के समय तब हुई, जब वहां मौजूद दो समूहों के बीच कहासुनी हुई। चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

### 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत सैन्य सामग्री के संयुक्त विकास और उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर

### जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ होगी अहम द्विपक्षीय वार्ता

## तीन दिवसीय दौरे पर खास एयरबस से म्यूनिख से बर्लिन पहुंचे रक्षा मंत्री सिंह

*राजनाथ सिंह पहले म्यूनिख पहुंचे थे, जहां से उनकी आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हुई। यह यात्रा 21 से 23 अप्रैल तक चलेगी और इसमें कई उच्च स्तरीय बैठकों का कार्यक्रम तय किया गया है। इस दौरान रक्षा मंत्री जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बर्लिन पहुंचे, जहां वह जर्मनी की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा को सामरिक और द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज़ से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रक्षा मंत्री म्यूनिख से जर्मन वायुसेना के विशेष विमान एयरबस ए400एम एटलस के जरिए बर्लिन पहुंचे। उनके विमान को जर्मन लड़ाकू विमानों द्वारा एस्कॉर्ट किया गया।

बर्लिन पहुंचने पर राजनाथ सिंह को औपचारिक सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया, जो दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग और आपसी विश्वास का प्रतीक है। बर्लिन पहुंचने के बाद रक्षा मंत्री ने कहा कि वह जर्मनी के अपने समकक्ष के साथ सार्थक बातचीत और जर्मन रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ संवाद को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत संयुक्त विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देना है, ताकि भारत की रक्षा क्षमताओं को और मजबूत किया जा सके।

### जर्मनी के रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों से बातचीत




बर्लिन पहुंचने पर रक्षा मंत्री का सैन्य सम्मान के साथ स्वागत

### पहले पहुंचे म्यूनिख

राजनाथ सिंह पहले म्यूनिख पहुंचे थे, जहां से उनकी आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हुई। यह यात्रा 21 से 23 अप्रैल तक चलेगी और इसमें कई उच्च स्तरीय बैठकों का कार्यक्रम तय किया गया है। इस दौरान रक्षा मंत्री जर्मनी के रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन वार्ताओं में भारत-जर्मनी रक्षा सहयोग को और मजबूती देने, तकनीकी साझेदारी बढ़ाने और रक्षा निर्माण के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात

रक्षा मंत्री जर्मनी में अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत अपने रक्षा साझेदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय है। जर्मनी के साथ बढ़ता सहयोग भारत के लिए उन्नत तकनीक, रक्षा उत्पादन और आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### साइबर सुरक्षा, एआई पर ध्यान

जर्मनी में दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच होने वाली इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाना व सैन्य संबंधों को मजबूत करना है। इसके अलावा साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों की खोज पर भी फोकस किया जाएगा। दोनों रक्षा मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग हेतु कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है।

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का हवाई दौरा

## भारत-अमेरिका रक्षा संबंध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता पर जोर



**हवाई।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अमेरिका के होनोलूलू में यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल द्विवेदी का हवाई स्थित यूएस मिलिट्री बेस पहुंचने पर फोर्ट शैफ्टर में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और उन्होंने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

### सेना के वरिष्ठ अधिकारों से की चर्चा

जनरल द्विवेदी ने अमेरिकी आर्मी पैसिफिक के कमांडिंग जनरल, जनरल रोनाल्ड पी. क्लार्क और अन्य वरिष्ठों के साथ बातचीत की। इस दौरान भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर जोर रहा। सीओएएस ने ओहू द्वीप का हवाई दौरा भी किया, जिससे उन्हें ट्रेनिंग इकोसिस्टम और बहु-क्षेत्रीय परिचालन तत्परता की जानकारी मिली।

### ट्रंप पर बिफरे फ्रांस के राष्ट्रपति

## बोले- होर्मुज की नाकाबंदी एक रणनीतिक भूल, ईरान भी गलत



डोनाल्ड ट्रंप व इमैनुएल मैक्रों

*तनाव कम कर कूटनीति की ओर लौटें दोनों देश*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे एक रणनीतिक भूल करार दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी और ईरान की ओर से की गई प्रतिक्रिया, दोनों ही 'गलत' हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि गलती दोनों तरफ से है। पोलैंड में पोलैंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मैक्रों ने कहा कि यह दोनों तरफ (अमेरिका और ईरान) की गलती है।

उन्होंने अमेरिकी फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि होर्मुज पर लक्षित नाकाबंदी बनाए रखने से स्थिति और बिगड़ी है। अमेरिकी नाकाबंदी के कारण ही ईरानी अधिकारियों ने अपना शुरुआती रुख बदला और 'ओपन स्ट्रेट' (खुले जलमार्ग) की नीति से पीछे हट गए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने तनाव कम करने और कूटनीति की ओर लौटने का आह्वान किया है ताकि जलमार्ग को फिर से सुरक्षित किया जा सके। इससे पहले उन्होंने होर्मुज को जबरदस्ती खोलने की अमेरिकी योजना को 'अवास्तविक बताया था।

### *57% लोग ट्रंप के कामकाज से नाखुश*

*अप्रैल 2026 में जारी नवीनतम सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अस्वीकृति रेटिंग और नापसंदगी काफी अधिक है, हालांकि 22 प्रतिशत का आंकड़ा विशेष रूप से धार्मिक विश्वासों से जुड़ा है। एक प्रमुख सर्वे के अनुसार, लगभग 57 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी नागरिक ट्रंप के काम करने के तरीके को नापसंद करते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण (अप्रैल 6-12, 2026) में पाया गया कि लगभग 22% अमेरिकी वयस्क का मानना है कि ट्रंप उनके धार्मिक विश्वासों का पुरजोर समर्थन करते हैं, जबकि 47% का मानना है कि वे उनके विश्वासों के लिए बहुत कम या बिल्कुल नहीं खड़े होते हैं। ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर असंतोष के चलते राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग गिरकर 39% या उससे कम (36%-37%) तक पहुंच गई है, जो उनके दूसरे कार्यकाल का सबसे निचला स्तर है।*

### हंगरी आने पर नेतन्याहू होंगे गिरफ्तार



हंगरी के नए पीएम पीटर माग्यार ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यदि इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की यात्रा पर आते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के नियमों के तहत होगी, क्योंकि नेतन्याहू के खिलाफ पहले से गिरफ्तारी वारंट जारी है। मैग्यार ने कहा कि जिन व्यक्तियों के खिलाफ आईसीसी का वारंट मौजूद है, यदि वे हंगरी की सीमा में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।

### ब्रिटेन दौरे पर रक्षा प्रमुख चौहान

## साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर



ब्रिटेन के रक्षा मंत्री पोलार्ड से मुलाकात करते सीडीएस चौहान

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने इस सप्ताह लंदन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संघर्ष की बदलती प्रकृति और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सैन्य समकक्षों और मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय चर्चाएं कीं। जनरल चौहान ने ब्रिटेन के रक्षा एवं उद्योग मंत्री ल्यूक पोलार्ड और हिंद-प्रशांत मंत्री सीमा मल्होत्रा से मुलाकात की। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जनरल चौहान की इस यात्रा को एक 'ऐतिहासिक' यात्रा बताया जा रहा है।

### *भारत-ब्रिटेन की साझेदारी बढ़ेगी*

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन साझेदारी को आगे बढ़ाना था, जिसमें द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रूपरेखा और प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यालय ने एक बयान में बताया कि चर्चा, संघर्ष के बदलते स्वरूप और सैन्य सहयोग को गहरा करने पर केंद्रित रही।*

### *सूचना सुरक्षा साझा करेंगे दोनों देश*

*रक्षा मुख्यालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने साइबर, खुफिया और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, जिसमें सूचना सुरक्षा का आदान-प्रदान शामिल है। इस आदान-प्रदान ने भविष्य के लिए तैयार मजबूत सेनाओं और भारत-ब्रिटेन की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में लचीली, भविष्य के लिए तैयार सेनाओं और मजबूत भारत-ब्रिटेन रणनीतिक साझेदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।*

### युद्धक्षेत्र में टैंकों और सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होगी

## रक्षा मंत्रालय ने किया 975 करोड़ रुपये के रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की बारूदी सुरंग भेदने की क्षमता को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 975 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध 21 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। यह समझौता टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ा है।

### डील टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद से जुड़ी




रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थित में एमओयू

### *डीआरडीओ की तकनीक से बढ़ेगी ताकत*

*टी-72/टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह प्रणाली बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने और उनके बीच सुरक्षित रास्ता बनाने में मदद करेगी, खासकर प्रॉक्सिमिटी मैग्नेटिक फ्यूज वाली एंटी-टैंक माइंस के खिलाफ। इस उपकरण के शामिल होने से भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।*

### *स्वदेशी उद्योगों को मिलेगी मजबूती*

*इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों और अन्य सैन्य वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सकेगी। यह परियोजना 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत आती है, जो स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करती है। इससे देश की रक्षा अवसंरचना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ स्वदेशी उद्योगों को मजबूती मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। कंपोनेंट निर्माणके माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएं पैदा होंगी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28